




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 119 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 29 जनवरी 2024 डाक 30 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

राजभवन में नई राज्य सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जेपी नड्डा और जदयू नेता और बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार



**देश-विदेश**

जश्न मना रहे हो पूरा मंदिर बम से उड़ा देंगे, दीवारों पर चिपकाया पोस्टर लोगों ने जमीन पर देखा तो रह गए दंग



**फीचर पेज**

फाइटर ने दुनियाभर में रचा इतिहास, ऋतिक की फिल्म ने दो दिन में जड़ दिया शतक




### कभी चारा खा गए तो कभी जमीन घोटाला...

# ईडी के सामने लालू की पेशी पर सम्राट चौधरी के तीखे बोल, कहा- भ्रष्टाचारी हैं ये

**पटना, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

जमीन के बदले नौकरी मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पूछताछ करेगी। इस सिलसिले में लालू अपने घर से पटना स्थित ईडी कार्यालय के लिए रवाना हो चुके हैं। जांच एजेंसी ने कथित जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लालू प्रसाद व उनके बेटे तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने लालू को 29 जनवरी व तेजस्वी को 30 जनवरी को पूछताछ के लिए समन भेजा था। बिहार में सियासी हलचल के बीच ईडी की लालू से आज होने वाली पूछताछ पर सभी की नजर टिकी रहेगी। ईडी के सामने लालू यादव की आज होने वाली पेशी को लेकर बिहार के नव निर्वाचित उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन पर निशाना साधा है।




उन्होंने कहा है कि ये लोग भ्रष्टाचारी है। सम्राट चौधरी कहते हैं कि रेल मंत्री होते हुए लालू जी ने गरीबों को नौकरी के बदले उनसे जमीन लेने का काम किया। मुख्यमंत्री रहते हुए चारा घोटाला किया।देश की जनता को पता है कि ये लोग भ्रष्टाचारी हैं। गौरतलब है कि यह घोटाला तक का है जब लालू प्रसाद यूपी की पहली सरकार में रेल मंत्री थे। इस दौरान ईडी ने रेलवे में नौकरी के लिए जमीन से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल करते हुए लालू यादव की पत?नी राबड़ी देवी, उनकी बेटियों राजद सांसद मीसा भारती और हेमा यादव सहित लालू प्रसाद के परिवार के अन्य लोगों को नामजद किया था।

## महादेव एप और डीएमएफ घोटाले में दो नई एफआईआर

**रायपुर।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी)व ईओडब्लू ने महादेव सट्टा एप और डीएमएफ घोटाले में दो नई एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में कुछ खनिज अधिकारियों, ठेकेदारों और कंपनी के मालिक समेत 104 से ज्यादा लोगों के नाम हैं। महादेव सट्टा में 60 से ज्यादा और डीएमएफ में 54 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है। ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी-ईओडब्लू ने आईएएस रानू साहू, कई आईएएस-आईपीएस के अलावा कुछ पुलिस अधिकारियों व वर्तमान और पूर्व विधायक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले ईडी के प्रतिवेदन में एसीबी ने दो हजार करोड़ के आबकारी व 554 करोड़ के अवैध कोल परिवहन घोटाले में भी केस दर्ज किया है। ईडी ने पिछले साल एसीबी-ईओडब्लू डायरेक्टर को प्रतिवेदन भेजा था। उन्होंने 1200 करोड़ के ज्यादा के डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) घोटाले में कार्रवाई के लिए कहा था।

# नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का अंतिम संस्कार कर दिया', आचार्य प्रमोद कृष्णम ने साधा निशाना



**नईदिल्ली, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदलने के बाद विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन और कमजोर पड़ गया है। अब कांग्रेस प्रवक्ता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भी निशाना साधा है।प्रमोद कृष्णम का कहना है कि इंडिया गठबंधन अपनी स्थापना के बाद से ही गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रहा।

फिर वो आईसीयू में चला गया। जिसके बाद उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। अब नीतीश कुमार ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। अब इंडिया गठबंधन का क्या होगा। प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी में कुछ बहुत ही महान और बुद्धिमान नेता हैं। एक तरफ जहां सभी राजनीतिक पार्टियां 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पूरी कांग्रेस पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही है। हमारे नेता यात्रा कर रहे हैं। अपने नेताओं की रणनीति पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हम 2024 के बाद यह पता लगाएंगे कि 2024 का चुनाव कैसे जीता जाए। ऐसा लगता है कि हम 2029 के चुनावों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। अगर हम 2024 की तैयारी कर रहे होते, तो ऐसा नहीं होता।

# परीक्षा पे चर्चा जारी, पीएम मोदी ने छात्रों को बताया, प्रेशर कैसे हैंडल करें

**नईदिल्ली, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत बच्चों से बात कर रहे हैं। इस बार परीक्षा पे चर्चा के लिए 2 करोड़ 5 लाख से ज्यादा छात्रों के साथ ही 14.93 लाख से अधिक शिक्षकों और 5.69 लाख से अधिक अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहा है। आयोजन स्थल पर लगभग 4,000 छात्र मौजूद हैं। पीएम मोदी ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि किस तरह आजकल लिखने की आदत छूटती जा रही है। पीएम ने बच्चों से कहा कि वे दिनभर जितना समय अपनी स्टडी को देते हैं, उसमें से 50 फीसदी टाइम लिखने में बिताना चाहिए। जिन बच्चों को लिखने की आदत होगी, परीक्षा में लिखना उनके लिए आसान होगा। लिखने की आदत जिन बच्चों में होगी, उनके सोचने की क्षमता भी उतनी ही तेज होगी। रोज अपनी नोट बुक में लिखें और उसको दो-तीन बार पढ़ें।



पीएम मोदी ने अपने संबोधन के शुरुआत में उन बच्चों, शिक्षकों और पालकों को बधाई दी, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास किया। पीएम मोदी ने भारत मंडपम के बारे में भी बच्चों को बताया।पीएम मोदी ने छात्रों से कहा, प्रेशर को खुद पर हावी ना होने दें। जितना लक्ष्य पूरा कर सकते हैं, उतना ही तय करें। इस मामले में माता-पिता और शिक्षकों को भी छात्रों की मदद करना चाहिए। प्रेशर का सामना करने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाएं।

हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। माता-पिता, शिक्षकों या रिश्तेदारों की ओर से समय-समय पर नकारात्मक तुलना की जाने वाली रनिंग कमेंट्री छात्र के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह फायदे से ज्यादा नुकसान करता है।

हमें छात्रों के साथ बातचीत के माध्यम से हर मुद्दे का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए, न कि शत्रुतापूर्ण तुलनाओं के माध्यम से उनके मनोबल और आत्मविश्वास को कम करना चाहिए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री कार्यालय, पीआईबी, शिक्षा मंत्रालय समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इससे पहले कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी भारत मंडपम पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां बच्चों की लगाई प्रदर्शनी देखी और उनसे बात की।

### कर्नाटक में अब हनुमान पर छिड़ा बवाल

# मांड्या में भगवा ध्वज उतारने पर हंगामे के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा, सिद्धारमैया पर भड़की बीजेपी



**मांड्या , 29 जनवरी [एजेंसी]।**

कर्नाटक के मांड्या में हनुमान ध्वज फहराने का मामला गर्माता जा रहा है। इस घटना को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। प्रशासन ने मांड्या के केरागोडु गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है। कर्नाटक के मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे हनुमान ध्वज को ग्राम पंचायत बोर्ड की जमीन पर लगा दिया गया था, जिसके बाद प्रशासन द्वारा ध्वज पोल से भगवा झंडा हटाया गया।

हालांकि, जिला प्रशासन के इस फैसले के विरोध में बीजेपी-जेडीएस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी-जेडीएस के प्रदर्शन को देखते हुए कर्नाटक पुलिस बल मौके पर मौजूद है। वहीं, विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया सरकार के इस फैसले की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर राम विरोधी और हनुमान विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राम और हनुमान मंदिर के खिलाफ है। वे ऐसा लोकसभा चुनाव के कारण कर रहे हैं, उन्होंने राम मंदिर उद्घाटन के दौरान भी ऐसा ही किया था। मैं इसका विरोध करता हूं और मैं मंड्या जाकर विरोध दर्ज कराऊंगा, कांग्रेस हिंदुओं को भड़का रही है।

इस बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हनुमान ध्वज हटाए जाने के प्रशासन के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर मौजूद पोल पर भगवा के बजाय राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की जगह भगवा झंडा फहराना सही नहीं है।

## आरएसएस मुख्यालय पर पुलिस का कड़ा पहरा, 28 मार्च तक नो ड्रोन जोन घोषित



**नागपुर, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

नागपुर पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय को नो-ड्रोन क्षेत्र घोषित कर दिया है। नागपुर पुलिस ने संभावित खतरे का हवाला देते हुए 28 मार्च तक आरएसएस मुख्यालय को नो-ड्रोन क्षेत्र घोषित किया है। इसके साथ ही पुलिस ने परिसर की तस्वीर लेने और वीडियो बनाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। आरएसएस का मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर के महल क्षेत्र में स्थित है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अस्वती दोर्जे ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 (1) (3) के तहत रविवार को एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आरएसएस मुख्यालय होटल, लॉज और कोचिंग कक्षाओं से घिरे घनी आबादी वाले इलाके में स्थित है। आदेश में कहा गया है कि इसके कारण, आसपास से गुजरने वाले व्यक्ति तस्वीरें ले सकते हैं या वीडियो बना सकते हैं या ड्रोन वीडियोग्राफी कर सकते हैं, जिससे मुख्यालय के लिए संभावित खतरा पैदा हो सकता है।

उन्होंने आदेश में कहा कि मैं क्षेत्र में तस्वीरें, वीडियो या ड्रोन से तस्वीरें लेने पर रोक लगा रही हूं। अधिकारियों ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों को भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश इस साल 29 जनवरी से 28 मार्च तक प्रभावी रहेगा।

# किम जोंग ने देखा पुल्हवासल-3-31 क्रुज मिसाइलों का परीक्षण, पनडुब्बी से हुई लॉन्च, सीधे टारगेट भेदे

**सियोल, 29 जनवरी ।**

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने पनडुब्बी से लॉन्च की गई क्रुज मिसाइलों के परीक्षण की निगरानी की। इसके साथ ही उन्होंने पनडुब्बी निर्माण की परियोजना की भी समीक्षा की। दक्षिण कोरिया की स्थानीय मीडिया ने बताया कि पनडुब्बी से लॉन्च होने के बाद क्रुज मिसाइल पुल्हवासल-3-31 ने पूर्वी सागर में 7,421 सेकंड और 7,442 सेकंड तक उड़ान भरी। इसके साथ ही निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक निशाना भी साधा। हालांकि, इसे लेकर कोई खास जानकारी अभी तक नहीं दी गई है। दक्षिण कोरियाई सेना ने रविवार को कहा कि उन्होंने पूर्वी बंदरगाह शिनपो के पास सुबह आठ बजे उत्तर कोरिया द्वारा कई क्रुज मिसाइलों के परीक्षण का पता लगाया है। पुल्हवासल-3-31 एक नई क्रुज मिसाइल है, जिसका उत्तर कोरिया ने पहली बार बुधवार को परीक्षण किया।



उत्तर कोरिया ने यह खुलासा किया कि यह मिसाइल पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली मिसाइल है। तानाशाह किम जोंग-उन ने कहा, नौसेना का परमाणु हाथियारीकरण एक जरूरी काम है और राज्य परमाणु रणनीतिक बल के निर्माण के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले पनडुब्बी और अन्य युद्धपोतों के निर्माण के मुद्दों पर भी चर्चा की।

# शिंदे-फडणवीस सरकार के मराठा आरक्षण के फैसले पर नारायण राणे की आपत्ति, कहा - मैं सहमत नहीं

**मुंबई, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री राणे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग (के अधिकारों) में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है।



मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे। राणे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह राज्य सरकार के फैसले को तथा आरक्षण के संबंध में मराठा समुदाय को उसके द्वारा दिये गये आश्वासन को मंजूर नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा, ''इससे ऐतिहासिक विरासत वाले मराठा समुदाय का दमन होगा और यह अन्य पिछड़े समुदायों में भी अतिक्रमण होगा।'' उन्होंने कहा, ''इससे राज्य में अशांति फैलेगी।'' उन्होंने कहा कि वह सोमवार (29 जनवरी) को भी इस मुद्दे पर बोलेंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की हल्की परत, खराब मौसम के कारण आज भी कई ट्रेनें लेट, कुछ रद्द

**नईदिल्ली, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली-एनसीआर में आज भी कोहरे की हल्की चादर पसरी हुई है। खराब मौसम के कारण दिल्ली आने और यहां से जाने वाली कई रेलगाड़ियां लेट हैं। कुछ गाड़ियां रद्द की दी गई हैं जिससे यात्री परेशान हैं। उत्तर भारत में न तो कड़ाके की ठंड से राहत मिल रही है और ना ही घने कोहरे से। कोहरे ने तो यातायात के सभी संसाधनों पर एक तरह से पहरा लगा दिया है। रेलवे ट्रेक पर चलने वाली ट्रेन जहां लगातार देरी से संचालित हो रही है वहीं विमानों की आवाजाही ज्यादा प्रभावित हो रही है। प्रादेशिक मौसम विभाग के मुताबिक आज से पारा बढ़ेगा। इस दौरान न्यूनतम सात डिग्री व अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। पहाड़ों से आने वाली सर्द हवाएं मैदानी इलाकों में दोपहर में भी ठंड बढ़ा रही हैं। रविवार को पूरे दिन बादल छाए रहे जिससे धूप नहीं खिली। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे सप्ताह कोहरा छाने का अनुमान है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक सोमवार को हवा दक्षिण दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की गति आठ से दस किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है। मंगलवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से चल सकती है। गति चार से छह किमी रहने के आसार है।

## हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची ईडी की टीम, एजेंसी ने पहले ही दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम सोमवार सुबह ही पहुंच गई। गौरतलब है कि ईडी ने पहले ही सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। एजेंसी ने चेतावनी दी थी कि सोरेन या तो पेशी के लिए 29 या 31 जनवरी की तारीख दें या फिर ईडी के अधिकारी खुद ही उनसे पूछताछ करने पहुंच जाएंगे। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किए गए हैं। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था। ईडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेने की याचिका खारिज कर दी थी। वहीं नौवें समन में हेमंत सोरेन को 27 जनवरी से 31 जनवरी तक ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले ईडी ने शनिवार को हेमंत सोरेन के आवास पर उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की थी।

## सीएम मनोहर लाल की बड़ी घोषणा, पैतृक घर को अधिकारियों को सौंपा, बच्चों के लिए बनाई जाएगी ई-लाइब्रेरी

**रोहतक (हरियाणा)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार सुबह रोहतक से भिवानी जाते समय पैतृक गांव बनियानी पहुंचे और अपने पैतृक व चचेरे भाई के पैतृक मकान को गांव की पंचायत को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि मकान में ई-लाइब्रेरी बनाई जाए, जो गांव की अगली पीढ़ी के काम आ सकेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री भिवानी के लिए रवाना हो गए। जहां वह सांसद धर्मबीर सिंह के घर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बनियानी में कहा कि उनके लिए गर्व की बात है कि वह अपने पैतृक गांव में आए हैं, जो उनके लिए दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि उनका बचपन यहां बीता और पढ़ाई भी यहीं पर की है। कहा कि यह मकान माता-पिता की निशानी है, जो उन्होंने मेरे नाम किया था।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## एक फरवरी तक सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में बेसबॉल खेल का होगा आयोजन

# पढ़ाई के साथ खेल में करें नाम रोशन : लखन

**कोरबा ।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 का आज सीएसईबी फुटबॉल खेल मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक मार्चपास्ट के साथ शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन, वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पाँच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ द्वीप जलाकर और ध्वाजारोहण पश्चात औपचारिक घोषणा कर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारिरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल की जा सकती है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद में शामिल होकर और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अपना नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने और हारने पर निराश न होते हुए आगे बढ़ने और परिश्रम कर पुन: अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने की बात कही। प्रतियोगिता में 12 राज्यों और दो इकाइयों के बेसबॉल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

मंत्री श्री देवांगन ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोरबा जिले में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना बहुत ही गौरव की बात है। यह एक ऐसा माध्यम है जहाँ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को समान लाने के साथ ही आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों के संस्कृति और भाषा-बोलियों को सीखने समझने का भी मौका मिलता है। उन्होंने कोरबा में राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि छात्र जीवन में खेल और पढ़ाई का विशेष महत्व होता है। इस आयोजन में अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी शामिल है,यहाँ खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और भाषा से परिचय होगा। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है। राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन से एकता की भावना विकसित होती है। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की तरफ से सभी खिलाड़ियों और आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कहा कि खिलाड़ी जीत-हार की भावना से परे होकर अच्छे खेल का प्रदर्शन करें और कोरबा,छत्तीसगढ़ से एक सुनहरी यादों को अपने साथ लेकर जाए। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी पी भारद्वाज ने दिया। कार्यक्रम में कोरबा जिले की अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी नेहा जायसवाल को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु के खिलाड़ी

प्रतियोगिता में बेसबॉल बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली,गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, चंडीगढ़,तमिलनाडु, तेलांगना,केरला, सहित विद्याभारती और सीबीएसई और मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही है। आज उदघाटन अवसर पर सभी टीमों ने आकर्षक मार्चपास्ट निकाली। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।






## हमारी महती जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र इसी तरह मजबूत रहे : नरेंद्र देवांगन

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल



**कोरबा।** भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए।

सबसे पहले वे ग्राम भारती विद्या मंदिर में ध्वजरोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हमारा देश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर बहुत मजबूत है। हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। भारतीय संविधान द्वारा रखी गई मजबूत आधारशिला का ही परिणाम है कि देश ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। यह हमारी महती जिम्मेदारी है कि त्याग और बलिदान से हमें जो लोकतंत्र का उपहार मिला है, वह लगातार मजबूत हो। इसके बाद देवांगन प्राथमिक शाला चारपारा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट्र के संविधान का सम्मान और पालन करना चाहिए। जो भी संविधान के मार्ग का पालन किया है वही सच्चा देश प्रेम कहलाया है।

प्राथमिक शाला पीपरपारा में राष्ट्र ध्वज को फहरा कर देश के महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि नव पीढ़ी देश का भविष्य हैं। मुझे बहुत खुशी है कि आज शिक्षा के साथ-साथ आप सभी छात्र छात्रा आज खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रतिभा का प्रर्दशन कर रहे हैं। इसके बाद नरेंद्र देवांगन प्राथमिक शाला जोगियाडेरा में राष्ट्रीय पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर भारत माता की पूजा अर्चना कर उन्होंने कहा कि आज हम सभी किसी न किसी माध्यम से देश, समाज की सेवा कर रहे हैं। नवयुग में आप सभी इसी तरह राष्ट्र प्रेम के माध्यम से लोगों की सेवा करते रहे। इसके बाद वे वात्सल्य स्कूल कोहड़िया, निराबाई बुनकर समिति बांकीमोंगरा, सरस्वती शिशु मंदिर बांकीमोंगरा में भी आयोजित राष्ट्रीय पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ रामकुमार राठौर, शैलेंद्र यादव, नरेंद्र गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी कोरबा में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा ने 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना से मनाया। मधु एस परियोजना प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सामूहिक राष्ट्रगान और एनटीपीसी गीत गायन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि एवं सी.आई.एस.एफ. के जवानों ने तिरंगे को सलामी दी गयी। साथ ही मुख्य अतिथि ने परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एनटीपीसी एवं कोरबा परियोजना की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोरबा के यूनिट-1 और यूनिट-2 ने क्रमश: अगस्त 2023 और जनवरी 2024 में वाणिज्यिक संचालन के 40 वर्ष पूरे किए। कोरबा पीएलएफ पिछले तीन वर्षों से एनटीपीसी स्टेशनों में प्रथम स्थान पर है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कोरबा पीएलएफ (90.51) संयुक्त उद्यमों को छोड़कर एनटीपीसी स्टेशनों में प्रथम है और भिलाई के बाद भारत में दूसरे स्थान पर है। साथ ही उन्होंनें यह भी कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि हमारी कम्पनी एनटीपीसी की आज 73 गीगावॉट से अधिक की स्थापित क्षमता के साथ, एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी बनने की ओर अग्रसर है और 2032 तक विविध ईंधन मिश्रण के साथ 130 गीगावॉट और उत्पादन के मामले में 600 बीयू कंपनी बनने का लक्ष्य रखती है। उन्होंनें जोर देते हुए बताया कि एनटीपीसी कोरबा परियोजना पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा तथा स्क्रैप निपटानका विशेष ध्यान रखती है।

उन्होंने बताया कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत कोरबा जिले के सुदूर वन क्षेत्रों में रहने वाले बालक-बालिकाओं को तीरंदाजी प्रतिभा हेतु कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है, एनटीपीसी सीएसआर कोरबा एवं मैत्री महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में परियोजना प्रभावित व आसपास के गांव चारपारा, कोहड़िया एवं जमनीपाली, इंदिरा नगर में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एनटीपीसी सीएसआर कोरबा ने परियोजना प्रभावित व आसपास के गांवों के निवासियों को



सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए एक मोबाइल स्वास्थ्य क्लिनिक की व्यवस्था की है। जिसमें अब तक लगभग 26000 लोग लाभान्वित हुए हैं। वहीं अगरखार एवं लाता में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य एवं गोपालपुर सामुदायिक भवन एवं मेडिकल सेंटर का मरम्मत कार्य कराया गया। दर्री में तालाब का जीर्णोद्धार तथा चारपारा कोहड़िया में पंचायत भवन एवं चिकित्सा केन्द्र का मरम्मत कार्य प्रगति पर है। मुख्य अतिथि, सभी महाप्रबंधक गण, अन्य विशिष्ट अतिथियों तथा मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा कस्तूरी मैत्रा, एवं समिति के सदस्याओं, यूनियन व एसोशिएशन के प्रतिनिधियों ने हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक गुब्बारे को आसमान में छोड़ा गया। इसी सत्र में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एन.एफ.एन.आर.डी.सी एवं मैत्री महिला समिति के अंतर्गत कृत्रिम अंग का वितरण किया गया। सी.आई.एस.एफ. के जवानों तथा स्कूल के बच्चे परेड में शामिल हुवे। सी.आई.एस.एफ. ने हाई प्रेशर फोम जेट स्प्रे का भी प्रदर्शन किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मेरीटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा एनटीपीसी के कर्मचारियों को अन्य विभिन्न पुरस्कार दिया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, डीपीएस, बाल भवन, टैइनी कौतेज और शिशु मंदिर के के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से प्रेरित सामूहिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किये गये। विकास भवन के महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अर्नब मैत्रा ने भी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी।

## बेला में कबड्डी प्रतियोगिता 2 से

**कोरबा।** ग्राम बेला कछार बालको में विगत 10 वर्षों से लगातार राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन 2 से 4 फरवरी तक युवा समिति के तत्वाधान में बालको राम मंदिर के समीप ग्राम बेला कछार होने जा रहा हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार, तृतीय पुरस्कार 12 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार के अलावा बेस्ट रेडर एक हजार, बेस्ट कैचर एक हजार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दो हजार एवं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम को दो हजार का पुरस्कार एवं शील्ड के साथ साथ सभी विजेता टीम को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 301 रुपये एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 1 फरवरी रखा गया है। युवा समिति के अध्यक्ष केशव चन्द्रा ने कबड्डी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।

## नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के प्रतिभागियों को मिला ट्रेकशुट

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ को इस बार की राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। आगामी दिनों में यह 37वीं सबजूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप सरदार बलबीर जुनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा रायपुर में 1 से 4 फ़रवरी तक आयोजित होगी। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में प्रदेश के 38 स्टेट चैंपियन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा के राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खेलने वाले खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण से प्रदत्त ट्रैकशूट को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने वितरित किया। उन्होंने जूनियर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए विजयी भव: का आशीर्वाद दिया।1 से 4 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में भाग लेने खिलाड़ियों को 18 जनवरी से विशेष प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ व खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर कोरबा के एचटीपीपी-पश्चिम कॉलोनी स्थित जूनियर क्लब में आयोजित की गयी। ताइक्वांडो के माहिर व अनुभवी कोच लोकेश राठौर और लीला यादव इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे थे। स्टेट चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले विजयी खिलाड़ी ही इस शिविर में भाग लेकर खेल के दांव-पेंच व बारीकियों में अपनी प्रतिभा निखारने कठिन अभ्यास कराया गया है। जो रायपुर में ही आयोजित होने जा रही इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप मेंछत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी व छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के जनरल सेक्रेटरी अनिल द्विवेदी ने बताया कि क्योरगी में 28 व पूमसे के 10 बच्चों समेत ताइक्वांडो के कुल 38 स्टेट चैंपियन इस शिविर में भाग ले रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रीय पदक जीतने तैयार किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने पश्चात खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रदत्त ट्रैकशूट को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने वितरण किया और नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप विजय होने का आशीर्वाद दिया।

## डीएव्ही कोरबा में पीटी का किया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**कोरबा।** डी.ए.व्ही पब्लिक स्कूल एस.ई.सी.एल. कोरबा के प्रांगण में देश का 75वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूम-धाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आर.के.गुप्ता महाप्रबंधक संचालन, विशिष्ट अतिथि एस.के.पी. शिंदे क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक (नामित अध्यक्ष, स्थानीय प्रबंधन समिति डी.ए.व्ही. कोरबा) का विद्यालय के मुख्य गेट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मंचस्थ अतिथियों का विद्यालय की प्राचार्या अनामिका भारती और वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ और बैज लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। विद्यालय की बालिकाओं ने देशभक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा पांचवीं के बच्चों ने अद्भुत छतरी आधारित पीटी ड्रिल का प्रदर्शन किया। जिसे देखकर दर्शकों ने करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा दूसरी के छात्र फुजान अंसारी ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की बालिका वंशिका उपाध्याय और कक्षा पांचवीं की छात्रा वरेण्या सिंह ने वर्तमान परिवेश में गणतंत्र दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डीएव्ही के बाल कलाकारों द्वारा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। तदुपरान्त विद्यालय की प्राचार्या अनामिका भारती ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों को देश के 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सभी से संविधान का पालन करते हुए अनुशासित होकर भ्रष्टाचार से मुक्त हो आगे बढ़ने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि आर.के. गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की देश की अर्थव्यवस्था और जी.डी.पी. गणतंत्र होने के बाद बढ़ा है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर देशभक्ति, त्याग, समर्पण, कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है।

## आईटी कॉलेज के कर्मियो ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिला एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। जिसमें शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की कमी को देखते हुये सत्र 2008 में शासन के जनभागीदारी योजना के तहत् आई.टी. कोरबा सोसायटी का गठन किया गया। चूंकि कोरबा जिला एक संसदीय क्षेत्र भी है, इसलिये जिले में एक शासकीय तकनीकी महाविद्यालय होना आवश्यक है। आई.टी. कोरबा महाविद्यालय का स्वयं का बिल्डिंग है, सभी आवश्यक संसाधनें हैं। मात्र शासकीय घोषणा की आवश्यक्ता है। साथ ही केंद्र सरकार के योजना के अनुरुप सीआईटी में परिवर्तित कर दिये जाने पर कोरबा जिले का विकास में बढ़ोत्तरी स्वाभाविक है। उक्त सब तथ्यों को लेकर महाविद्यालय के कर्मचारी लालिमा जायसवाल सहित कोरबा क्षेत्र के अन्य संगठनों से चंद्र प्रकाश अग्रवाल, गोपाल साहु, सूरज यादव, पुरषोत्तम साहु, संध्या भारद्वाज आदि ने मिलकर सबने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मांग पत्र पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु आश्वासन दिया।

## जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने मनाया गणतंत्र दिवस



**कोरबा।** नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था जेसीआई कोरबा सेंट्रल के द्वारा अपने जेसी सचिवालय में ध्वजारोहण कर 75वाँ गणतंत्र दिवस मनाया जिसमे जेसीआई कोरबा सेंट्रल के अध्यक्ष जेसी उत्कर्ष अग्रवाल,लीजेंड अध्यक्ष जेसी राजन बर्नवाल,जेसिरेट विंग चेयरपर्सन जेसिरेट शीतल अग्रवाल,आईपीपी जेसी सन्नी मित्तल,पूर्व अध्यक्ष एवं पास्ट जोन प्रेसिडेंट जेसीआई सेनेटर जेसी अमर अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष जेसी इंजीनियर राज अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष जेसी आशीष खेतान,पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष अंकित टमकोरिया,जेसिरेट विंग की पूर्व अध्यक्षा जेसिरेट आभा अग्रवाल,सचिव जेसी प्रतीक अग्रवाल, उपाध्यक्ष जेसी सिए अंकित अग्रवाल,जेसी सिए त्रिलोकीनाथ बजाज जेसी डॉक्टर सरफ़राज़ ख़ान,जेसी प्रियम अग्रवाल,जेसी विनोद,प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी अभय अग्रवाल को-प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी मोहित सिंघल,जेसी राहुल,जेसी कपिल विश्वकर्मा,जेसी निश्चल टमकोरिया,जेसी सिए अभिषेक अग्रवाल,जेसी हर्ष अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी आगंतुकों के लिए मिठाई एवं नास्ते का व्यवस्था किया गया था सभी में बड़े हर्ष का महोल था। सभी जानकारी संस्था के सचिव प्रतीक अग्रवाल ने उपलब्ध कराया ।

### रोटरी क्लब चलाएगा कैंसर जागरुकता अभियान

कोरबा । विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2025 तक 15.7 लाख कैंसर मरीजों की संख्या होगी जो की एक गंभीर चिंता का विषय है। रोटरी क्लब ऑफ पावर सिटी जमनीपाली कोरबा की ओर से कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम हर साल रखा जाता है ताकि महिलाओं को इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके।इस कार्यक्रम में डॉ. रितेश सुनहरे द्वारा यह बताया गया की कैंसर कैसे और क्यों होता है उसका उपचार कैसे होता है, किस तरह स्वस्थ और एंटीऑक्सीडेंट भोजन लेना चाहिए, कैसे अपनी दिनचर्या रखनी चाहिए, दवाइयां और उपचारों के साथ-साथ कैंसर के मरीजों को भावनात्मक सकारात्मक सहायता की भी आवश्यकता होती है। समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया कैंसर विजेता ने बताया गया कि कैंसर न केवल बीमारी है, बल्कि मानसिकता भी है, अगर हम ठान ली की कैंसर को हराना है। तो कैंसर हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। महिलाएं खास तौर पर अपना ध्यान नहीं रख पाती हैं, घरेलू कामकाजों में इतना व्यस्त हो जाती हैं कि अपने शरीर में उठने वाली तकलीफों और कई तरह के लक्षणों को अनदेखा कर देती हैं, जो की ध्यान देने योग्य होती हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं एवं अतिथियों ने दी गई जानकारी को बहुत ही सराहा एवं समय-समय पर शारीरिक जांच करवाने का आश्वासन भी दिया।

## कमला नेहरू महाविद्यालय में लहराया

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान में निर्धारित नियम हमारे जीवन, देश व समाज की दशा-दिशा और राह निश्चित करते हैं। चाहे वह समाज के द्वारा बताए गए संविधान हों, कानून के द्वारा बताए गए संविधान हों या स्व परिमार्जित होकर निर्मित स्वयं के जीवन के लिए, स्वयं की कर्तव्य पारायणता के लिए परिमार्जित संविधान हों, उनका पालन सुनिश्चित कर अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन ही हमें एक जिम्मेदार व जागरुक नागरिक की पहचान देता है। बगैर संविधान के नियमों के जीवन और कार्यक्षेत्र ही नहीं, सबकुछ अस्तित्वहीन माना जाता है। महाविद्यालय प्रांगण में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गरिमामय वातावरण में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने तिरंगा फहराया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि देश, समाज और युवाओं को उच्च शिक्षित करने के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान से प्रदत्त अपने अधिकारों को जानने और उनका हर हाल में पालन करते हुए कर्तव्यों का निर्वहन हम सभी की जिम्मेदारी है। हम अपने कर्तव्य पथ पर चलकर ही अपने महाविद्यालय, अपने विद्यार्थियों और देश को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रखने में अपना योगदान दें। तिरंगा फहराने के साथ ही सभी ने राष्ट्रगान गाया।विद्यार्थियों ने संगीत की मधुर धुन में सुमधुर प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया।

समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने भी आशीर्वचन प्रदान करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित और प्रेरित किया। विद्यार्थियों और कनिष्ठ प्राध्यापकों ने वरिष्ठजनों को भारतीय संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करते हुए चरण वंदन कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वर सिंह तोमर, समिति के सहसचिव उमेश लाम्बा, कॉलेज के सभी विभागप्रमुख, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संयोजक बनें पूर्व मंत्री अग्रवाल



**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, डा शिव डहरिया, अमरजीत भगत एवं उमेश पटेल को प्रदेश संयोजक बनाया है। इसके साथ ही जिलेवार पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए है।इसमें कोरबा जिले के लिए पूर्व विधायक नोबेल वर्मा एवं यूडी मिंज को पर्यवेक्षक बनाया गया है। उक्त आदेश जारी करते हुए कांग्रेस संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु ने प्रदेश संयोजको एंव जिला पर्यवेक्षकों से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रस्तावित जिलों में दौरा कर यात्रा की समूचित योजना बनाने को कहा है।

## दंपत्ति ने देहदान की घोषणा की



**जांजगीर- चांपा ।** ग्राम महंत की एक दंपति ने देहदान करने की घोषणा की और सिम्स बिलासपुर में इस आशय का घोषणा पत्र भरा।नवागढ़ ब्लाक के ग्राम महंत निवासी कलीराम पिता बंशीराम सूर्यवंशी और उनकी पत्नी हीराबाई ने मृत्यु के बाद शरीर दान करने का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ आयुर्वि विज्ञान संस्थान बिलासपुर में भरकर जमा किया। वहां के शरीर रचना विज्ञान के विभागाध्यक्ष ने मृत्यु के बाद देहदान की घोषणा संबंधी औपचारिकता पूरी की और शरीर दान की घोषणा केलिए पति-पत्नी को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि गांव में रहने के बाद भी शरीर दान को लेकर जो जागरूकता इन दोनों ने दिखाई है उसकी प्रशंसा हो रही है।

कलीराम और हीराबाई के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। उन्होंने बताया कि बसपा नेता उदल किरण ने भी देहदान किया है। उन्ही से प्रेरित होकर हम दोनों ने देहदान करने का संकल्प लिया और इसकी औपचारिकता पूरी की। देहदान करते समय दो गवाह और मृत्यु की सूचना देने के लिए निकटतम रिश्तेदार की जानकारी और मोबाइल नंबर देना पड़ता है। देहदान करते समय संबंधित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण् पत्र जो किसी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी किया गया हो और स्थानीय पुलिस का अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होता है।

## संतोष बने कलार समाज के अध्यक्ष

**बम्हनीडीह ।** कलार समाज का निर्वाचन ग्राम सिलादेही में हुआ । जिसमें संतोष बालू जायसवाल चुनाव जीत कर अध्यक्ष चुने गए। निर्वाचन 28 जनवरी कोहुआ। जिसमे दो दावेदार संतोष बालू जायसवाल और सोनीलाल जायसवाल के बीच मुकाबला था। जिसमे संतोष बालू जायसवाल विजयी हुए । कुल 81 मत पड़े जिसमें संतोष को 44 तो सोनिलाल को 37 वोट मिले। संतोष बालू जायसवाल ने कहा कि वे निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे । इस दौरान दुलीचंद जायसवाल , सीताराम जायसवाल, बावाराम जायसवाल, इतवारी जायसवाल, अश्वनी (पप्पू) जायसवाल ,सुनील जायसवाल, तुलसी जायसवाल, दीपक जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विशेष शिविर का किया निरीक्षण



**जांजगीर - चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने नगरपालिका जांजगीर और ग्राम पंचायत पेंड्री में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विशेष शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में परम्परागत बढ़ाई, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, लोहार, धोबी, कुम्हार, राजमिस्त्री जैसे 18 श्रेणी के कारीगर,शिल्पकार अपने आधार कार्ड , बैंक एकाउंट व मोबाइल नम्बर के साथ पंजीयन कराने पहुंचे। योजना में हितग्राहियों को प्रशिक्षण के बाद 15 हजार रुपए का अनुदान टूल्स किट के लिए दिया जायेगा, साथ ही कम ब्याज दर पर राशि 3 लाख तक ऋण की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी के साथ प्रगति लाने एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के साथ इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। योजना को लेकर पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े नागरिकों ने बढ़ चढ़कर पंजीयन कराने पहुंचे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों का पंजीयन ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीयन उपरांत उन्हें परम्परागत व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान एवं ऋण से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्रों में जाकर पंजीयन किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे ऋण लेकर कारोबार शुरू कर सकते हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आसपास के ग्रामीण भी हो रहे शामिल**

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में परम्परागत बढ़ाई, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, लोहार, धोबी, कुम्हार, राजमिस्त्री जैसे 18 श्रेणी के कारीगर और शिल्पकारों का पंजीयन के लिए रविवार को कचहरी चौक के पास सीमार्ट परिसर में नगर पालिका जांजगीर नैला द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था। जागरूकता के अभाव में शिविर में पड़ोसी जिले सक्ती के जैजैपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा जिले के दूसरे नगरीय निकायों के कारीगर और शिल्पकार पहुंच गए थे। इसके चलते शिविर में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं पंजीयन कर रहे आपरेटरों ने दोपहर 2 बजे सर्वर की समस्या बताते हुए काम बंद कर दिया। जिसके चलते शिविर में पहुंचे अधिकांश कारीगरों को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

नगर पालिका जांजगीर नैला अंतर्गत आने वाले कारीगर और शिल्पकारों का पंजीयन के लिए रविवार को कचहरी चौक के पास सीमार्ट परिसर में नगर पालिका जांजगीर नैला द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ। इस शिविर में पंजीयन कराने के लिए जागरूकता के अभाव में पड़ोसी जिले सक्ती के बाराद्वार, जैजैपुर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र ठठारी व आसपास कई गांव के कारीगर और शिल्पकार अपना काम काज बंद कर पंजीयन कराने पहुंच गए थे। इतना ही नहीं जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा, बलौदा, नवागढ़ और शिवरीनारायण के भी कई कारीगर और शिल्पकार पहुंचे थे। इसके चलते शिविर में भारी अव्यवस्था देखने को मिली।

कई लोग तो सुबह से पहुंच गए थे और पंजीयन कराने के लिए दोपहर 2 बजे तक लाइन में खड़े थे। इसके बाद पंजीयन कर रहे च्वाइस सेंटर के आपरेटरों ने सर्वर की समस्या बताते हुए एक एक कर अपना कम्प्यूटर बंद कर दिया। ऐसे में दूर दराज से आए कई लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंची थी। उनका कहना था कि वे सिलाई कढाई का काम सीख रही हैं। योजना के तहत ऋण सहायता लेकर काम शुरू करेंगी। इसके लिए आवेदन करने यहां आई हैं। आवेदन जमा करने में घंटों लग रहा है।

पंजीयन कराने पहुंचे जैजैपुर ब्लाक के ग्राम ठठारी के रिंकू लहरे और बिट्टू लहरे ने बताया कि वे नगर पंचायत जैजैपुर पंजीयन कराने के लिए गए थे। मगर वहां से उन्हें यह कहकर जांजगीर भेज दिया गया कि वहां शिविर लगा है उसमें उनका पंजीयन हो जाएगा। वे सुबह 10 बजे से यहां आकर लाइन में खड़े हैं मगर दोपहर 2 बजे आपरेटरों ने सर्वर की समस्या बताते हुए पंजीयन बंद कर दिया। अब उन्हें बिना पंजीयन कराए ही वापस लौटना पड़ेगा। इसी तरह नवागढ़ के तोषण जलतारे ने बताया कि नवागढ़ में शिविर लगने की जानकारी उसे नहीं है। जांजगीर में शिविर लगने की जानकारी हुई तो वह यहां आ गया। इसके अलावा ग्राम गौद के ईश्वर निमर्लकर और उदयभांठा के अनिल कुमार का भी यही कहना था कि नवागढ़ जनपद में पंजीयन के लिए कब शिविर लगा था इसकी कोई सूचना उन्हें नहीं मिली है। पेपर के माध्यम से जांजगीर में शिविर लगने की जानकारी हुई तो वे लोग यहां आ गए।

रविवार को जिले के सभी पांच ब्लाक नौ स्थानों में पंजीयन के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें बलौदा ब्लाक के बुड़गहन, ढोरला, अकलतरा ब्लाक के कोटमीसोनार, खोंड़, नवागढ़ ब्लाक के पेंड्री व जांजगीर, पामगढ़ ब्लाक चंडीपारा और मेंहदी, बम्हनीडह ब्लाक के अफरीद में शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में 378 लोगों ने पंजीयन कराया। सभी ब्लाक में शिविर का आयोजन किया जा रहा है मगर जानकारी के अभाव में लोग कहीं भी पंजीयन कराने के लिए पहुंच जा रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**यह है पीएम विश्वकर्मा योजना**

पीएम विश्वकर्मा योजना में कौशल उन्नायन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना है। योजना के तहत योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढाने के लिए आधुनिक औजार, टूलकिट दिया जाता है। योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को ऋण सहायता दी जाती है। इसमें 1 लाख रुपए तक 18 माह के पुनर्भुगतान के लिए, 2 लाख तक 30 माह के पुनर्भुगतान के लिए दिया जाता है। यह राशि 5 फीसदी ब्याज दर पर दी जाती है।

**कौशल उन्नयन के नाम पर हर दिन मिलेगा 500**

योजना के तहत कौशल उन्नायन के लिए 5 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 15 या उससे अधिक दिनों का होता है। प्रशिक्षण के दौरान हर दिन 500 रुपए मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा टूलकिट के लिए 15000 रुपये अलग से दिया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए सुबह 7 बजे से शिविर लगाया गया था। जानकारी के अभाव में शिविर में पड़ोसी जिले और दूसरे नगरीय निकायों के कारीगर और शिल्पकार पहुंच गए थे। उनका भी पंजीयन किया गया है। शिविर में 165 लोगों का पंजीयन किया गया। एक व्यक्ति का पंजीयन करने में करीब 15 मिनट का समय लग रहा है। इसकी वजह से कम लोगों का ही पंजीयन हो सका। आने वाले दिनों में पंजीयन के लिए और शिविर लगाए जाएंगे।

चंदन शर्मा
सीएमओ, नगर पालिका जांजगीर नैला

जिले में लगभग 6 हजार 720 कारीगर और शिल्पकारों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 3 हजार से अधिक लोगों का पंजीयन हो गया है। अभी तक जनपद स्तर पर निश्शुल्क शिविर आयोजित किए जा रहे थे। मगर अब सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पंजीयन किया जा रहा है। कारीगर और शिल्पकार अपने क्षेत्र के किसी भी च्वाइस सेंटर में निर्धारित शुल्क देकर भी पंजीयन करा सकते हैं।

एलेक्स तिर्की
जिला उद्योग अधिकारी

## फ्लिपकार्ट से आए मोबाइल की चोरी, दो डिलीवरी ब्वाय गिरफ्तार

**जांजगीर - चांपा ।** फ्लिपकार्ट से आए मोबाइल को चोरी करने वाले आरोपित डिलीवरी ब्वाय और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला कोतवाली थाना का है।कोतवाली थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि बनारी निवासी राजेश धीवर ने 12 से 23 दिसंबर के बीच फिल्पकार्ट जांजगीर के कंपनी से 5 नग मोबाइल मंगाया था। जिसे कोई चोरी कर लिया। उसने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।



जिस पर पुलिस ने धारा 381, 34 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान चोरी गए मोबाइल के लोकेशन के आधार पर कंपनी में कार्यरत नवागढ़ थाना के ग्राम महंत निवासी भुनेश्वर कश्यप और पामगढ़ के भदरा निवासी करण कुमार काठे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस आरोपितों के कब्जे से दो नग मोबाइल कीमती 10 हजार रूपये को जब्त किया। पुलिस ने दोनों आरोपित युवकों को धारा 381, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी वैष्णव ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित युवक नौकरी छोड दिए थे। आरोपितों से दो मोबाइल जब्त किया गया है।

## प्लेटफार्म के दायरे से बाहर खड़े हो रहे ट्रेन के कोच, अनहोनी की आशंका

**जांजगीर।** यह तस्वीर अकलतरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 की है। यहां का प्लेटफार्म इतना छोटा है कि ट्रेनके रुकने पर उसके दिव्यांग व सभी जनरल बोगी प्लेटफार्म के बाहर खड़ा करना पड़ जाता है। इससे उन डिब्बों मेंयात्रियों को उतरने-चढ़ने और सामानों को उतारने-चढ़ाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही उनडिब्बों में चढ़ने के लिए भी यात्रियों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। इसमें कल रात कलिंग उत्कल एक्सप्रेस सेउतरते समय नीचे पत्थर पर गिरने से चेहरे और हाथ व पैर में सामान्य चोटें आई हैं। उसके अलावा प्लेटफार्म केबाहर डिब्बों से उतरने और चढ़ने के दौरान बड़ी घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है।




## स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**जांजगीर।** खोखरा भाठा के पासझलक पब्लिक स्कूल में गणतंत्रदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रभात फेरी निकालीगई। ध्वजारोहण किया गया औरछात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसकेसाथ ही स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कियागया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रसाद वितरण किया गया। ।

# गणतंत्र पर्व पर दिखा उल्लास नगर में

**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव द्वारा ध्वजारोहण एवं भारत - माता पूजन किया गया । इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान पुष्प गुच्छ से किया गया । अपने उद्बोधन में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को गणतंत्र से अवगत कराया गया। संस्था के प्राचार्य ने सारे जहां से अच्छा गीत के माध्यम से बच्चों में देश- प्रेम की भावना जागृत किया और संदेश दिया गया कि बच्चे भविष्य के राष्ट्र निर्माता है। उन सभी को संविधान के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किये, उसके साथ-साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्षों से बच्चों को परिचित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




डॉ. हेमा तिवारी के द्वारा बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए वीर शहीदों के बलिदानों को याद किया गया और छात्र-छात्राओं को अपने विद्यालय , घर परिवार, समाज, देश कोआगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। श्रीमती चंचला मिश्रा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की शिक्षिका शैलेन्द्री बरेठ के द्वारा गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. हेमा तिवारी, चंचला मिश्रा, अमित उपाध्याय, तरुण यादव ,श्रीमती शैलेन्द्री बरेठ, चंद्रहासिनी राठौर, रेनु सिंह, मनहरण सूर्या, सुभाष खूटे, दामिनी कश्यप, विनोद बरेठ, मूलचंद कौशिक, प्रिया कोसरे, सविता यादव, पुष्पेंद्र राजनाथ, विजेता चौहान, प्रतिभा यादव, संजू पटेल, गजपाल यादव, शकुंतला बरेठ, सपना श्रीवास, पूजा कटक्कार, काजल, मधु यादव, शांतिका राठौर, उमा श्रीवास, प्रशांत, दीपक कश्यप,आदि शिक्षक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपना सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मनहरण सूर्या के द्वारा किया गया।

# कृषि संग्रहालय के माध्यम से मिलेगी उपयोगी जानकारी

**जांजगीर।** कृषि प्रधान अविभाजित जांजगीर-चांपाजिले में किसानों की संख्या, अन्य जिलेकी अपेक्षा अधिक है, जिला धान कीपैदावार में अव्वल रहा है, ऐसे में यहांखेती-किसानी को बढ़ावा देने के लिएप्रयास किए जा रहे हैं। अब एक प्रयासएग्रीकल्चर की पढ़ाई करने वालेछात्र-छात्राओं ने किया है, ताकि जिले मेंकिसानी को बढ़ावा मिले सके। इसकेलिए जिले में पहली बार ऐसा प्रयोग करनवागढ़ ब्लॉक के पचेड़ा में एग्रीकल्चरके विद्यार्थियों ने कृषि संग्रहालय तैयारकिया है।संग्रहालय बहुत खास है, क्योंकि इसमेंआपको खेती-किसानी से जुड़े यंत्र औरमॉडल देखने को मिलेंगे। इस संग्रहालयमें कृषि संबंधित किताबें-नोट्स, कृषि के लिए संबंधित मॉडल, पेंटिंग व अन्यखेती? किसानी के लिए उपयोगी सामानयहां देखने को मिल जाएंगे। इसके निर्माण के लिए लाखों रुपए खर्च नहीं किए गएहैं, बल्कि पंचायत में रीपा के तहत बने बेकार पड़े भवन को एग्रीकल्चर कॉलेजमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने नवागढ़ ब्लॉक के पचेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम के तहत उन्नयन कर कृषिसंग्रहालय बनाया है। गांव में संग्रहालय बनाने का उद्देश्य है कि ग्रामीण किसानोंको उन्नत खेती करने में बढ़ावा मिले, फसल की पैदावार और अन्य खेतीसंबंधित जानकारी गांव में प्रदर्शनी केरूप में आसानी से मिल सके।



# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वाँ गणतंत्र दिवस

**जांजगीर - चांपा ।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध रंगा-रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रिलियंट परिवार की परम्परा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी सर्वप्रथम स्कूल प्रांगण में आए अभिभावकों को मुख्य अतिथि बनाया गया जिनमें- श्रीमती स्वेता सिंह, आनंद मोदी, बलराम पांडे, श्रीमती विनिता चतुर्थी शामिल रहें। संस्था कोषाध्यक्ष श्रीमती बबीता धानुका विशेष तौर पर शामिल रहीं। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत- भारत माता, महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं फूल माला अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया। संस्था के विद्यार्थियों द्वारा ऊर्जा से ओत-प्रोत मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। इसी श्रेणी में शिक्षिका श्रीमती मीनीमोल थॉमस द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई।

तत्पश्चात् संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह द्वारा संस्था को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए इसके महत्व एवं गरिमा को प्रदर्शित करते हुए संदेश भाषण प्रस्तुत किया, उन्होंने अपने भाषण में 75वें गणतंत्र दिवस के थीम के बारें में बताते हुए कहा कि इस वर्ष का थीम 'विकसित भारत' और भारत लोकतंत्र की मात्रिका है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन का जीवन है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संस्था के विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। गीत की ध्वनि में पूरा संस्था प्रांगण गुजायमान हो उठा। संस्था की शिक्षिका श्रीमती प्राची बंसीयार द्वारा गणतंत्र दिवस की महत्ता को बताते हुए अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा 5वीं, 6वीं, 7वीं, 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, गाने के बोल थे- हमर सुघ्घर छत्तीसगढ़। कक्षा पहली, दूसरी, एवं तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा बैण्ड ड्रम की धुन में आकर्षक पीटी प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में संस्था की शिक्षिका श्रीमती हन्ना देवी एवं श्रीमती मंजुला पुरी गोस्वामी द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी-संस्कृत सामूहिक भाषण प्रस्तुत किया गया, इस भाषण प्रस्तुति ने संस्था प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। संस्था संचालक आलोक अग्रवाल द्वारा समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि- हमें अपने संविधान प्रदत्त नियम कायदे कानूनों का सम्मान करना चाहिए तथा एक सच्चे भारतीय नागरिक होने के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। अंत में गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उन्होने अपने वाणी को विराम दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेल एवं विविध संस्थागत गतिविधियों के प्रमाणपत्र विजेता विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। इस श्रेणी में त्रिशिका बजाज कक्षा-10वीं, आस्था पटेल कक्षा-10वीं बेस्ट बिहेवियर अवार्ड - आराध्य पाठक कक्षा-10वीं, आहना सिंह कक्षा-8वीं स्पोर्ट्स अवार्ड - डिंपल केवंट कक्षा-9वीं, यश पटेल कक्षा -9वीं, लवली राठौर कक्षा -8वीं, रितेश सूर्या कक्षा -8वीं, डिसिप्लिन अवार्ड- महिमा साहू कक्षा -10वीं, समृद्धि पांडे कक्षा -8वीं, एकेडमिक अवार्ड- राघव अग्रवाल कक्षा -8वीं, आस्था पटेल कक्षा -10वीं, कोड ऑफ कंडक्ट अवार्ड- आस्था पटेल कक्षा -10वीं, अराध्य पाठक कक्षा -8वीं, नेशनल ट्राईबल आर्ट पोस्टर मेकिंग अवार्ड- अलोक चतुर्थी कक्षा -6वीं (लोक चित्र कला गोल्ड मेडल विनर), त्रिशिका बजाज कक्षा -10वीं, खुशी पोर्ते कक्षा-4 थी, समृद्धि पांडे कक्षा-8वीं स्टुडेंट ऑफ दी ईयर अवार्ड विनर आस्था पटेल कक्षा-10वीं, फस्ट रनर अप त्रिशिका बजाज कक्षा-10वीं, सेकेंड रनर अप राघव अग्रवाल कक्षा-8वीं रहें। साथ ही साथ स्टूडेंट ऑफ दी ईयर का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को मोस्ट सर्पोटिव एवं वेलयूएबल पेरेंट के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संस्था के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के शिक्षक सागर कुमार विश्वकर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती नीलम सिंह द्वारा किया गया। अंत में समस्त विद्यार्थियों को मिठाई देकर गणतंत्र दिवस की बधाई दी गयी। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षिक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ, ग्राउंड लेवल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



## अनमोल वचन

**प्रेम सदा माफी मांगना पसंद करता है..!**

# विपक्षी गठबंधन में क्या हो रहा है

यह रहस्य है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अंदर क्या हो रहा है। विपक्षी नेताओं की आखिरी बैठक 19 दिसंबर को हुई थी। उसके बाद साइडलाइंस का कुछ बैठकें हुई हैं। 'इंडिया' की आखिरी बैठक में तय किया गया था कि तीन हफ्ते में सीट बंटवारा फाइनल कर लिया जाएगा। ध्यान रहे तीन हफ्ते की यह डेडलाइन भी कई बार की विफलता के बाद तय हुई थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक के समय यानी जुलाई से ही दबाव डाल रहे थे कि जल्दी सीट बंटवारा किया जाए। ममता ने तो 31 अक्टूबर की डेडलाइन दी थी। लेकिन तीन राज्यों के चुनाव की वजह से तीन महीने से ज्यादा समय तक 'इंडिया' को कोई बैठक ही नहीं हुई। जब कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में हारी तो आनन-फानन में मीटिंग की एक तारीख तय की, जिसे विपक्षी नेताओं ने खारिज कर दिया। उसके बाद 19 दिसंबर को बैठक हुई, जिसमें तीन हफ्ते की समय सीमा तय की गई। अब उस बैठक के तीन क्या पांच हफ्ते बीत चुके हैं और कहीं भी सीट बंटवारे की बात तय नहीं हुई है। कुछ राज्यों को लेकर शुरुआती बातचीत जरूर हुई है लेकिन फैसला कहीं हो पाया है। उलटे कई राज्यों में बातचीत में बाधा आ गई है, जिसके बाद वार्ता बंद हो गई है। आम आदमी पार्टी के साथ कई दौर की बातचीत हुई लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि पंजाब को लेकर कोई तालमेल नहीं होगा इसी तरह ममता बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल छोड़ कर वे बाकी जगह तालमेल के लिए तैयार हैं तो सीपीएम ने कहा है कि केरल छोड़ कर बाकी जगह उसे तालमेल करना है। हालांकि इनमें से किसी के साथ अंतिम समझौता नहीं हुआ है। इसी तरह 19 दिसंबर के बाद हुई एक वर्चुअल बैठक में एक और बहुत अहम फैसला हुआ था। सूत्रों के हवाले से ही खबर आई थी लेकिन खबर पक्की थी कि सभी नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाने की सहमति दे दी है। उस दिन नीतीश कुमार को लेकर कुछ विवाद भी हुआ और बाद में खुद नीतीश ने संयोजक बनने से मना कर दिया। लेकिन अध्यक्ष का नाम तय कर दिया था। फिर दो हफ्ता बीत जाने के बाद भी अभी तक आधिकारिक रूप से गठबंधन के अध्यक्ष के तौर पर खड़गे के नाम की घोषणा नहीं हुई है। सोचें, जब विपक्षी पार्टियों के नेता अपने गठबंधन का अध्यक्ष नहीं तय कर पा रहे हैं तो उससे नेतृत्व को लेकर आम लोगों में क्या मैसेज जा रहा होगा! ऐसे ही विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने हर महीने एक बैठक करने का फैसला किया था। लेकिन साढ़े तीन महीने बाद हुई 19 दिसंबर की बैठक के बाद फिर एक महीने से ज्यादा हो गए लेकिन बैठक नहीं हुई है। मुंबई की बैठक में एक सितंबर को तय हुआ था कि विपक्ष की साझा रैली होगी। पिछले दिनों की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे के हवाले खबर आई थी कि आठ साझा रैलियां होंगी। लेकिन अभी तक एक भी रैली की घोषणा नहीं हुई है। मुंबई की बैठक के बाद भोपाल में साझा रैली प्रस्तावित थी, जिसे चुनाव की वजह से कमलनाथ ने रद्द कर दिया था। उसके बाद से विपक्ष के सभी नेताओं के एक मंच पर आने का इंतजार हो रहा है।

## राशिफल

**मेष** :आज आप अपने अंदर भरपूर विश्वास व ऊर्जा महसूस करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा तथा अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। सामाजिक दायरा बढेगा। मान-सम्मान मे वृद्धि होगी।किसी नज़दीकी रिश्तेदार के घर जाने की भी योजना बन सकती है व समय मनोरंजन तथा हंसी खुशी में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए कुछ नई योजनाएं बनेंगी। इस समय बहुत ही उचित ग्रह स्थिति बनी हुई है, इसलिए इन योजनाओं को तुरंत ही क्रियान्वित करें। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन** : आज भाग्य आपके साथ है। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो सकते हैं इसलिए प्रयासरत रहें। साथ ही बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा व सफलता मिलेगी और आप श्रेष्ठ अभिभावक भी साबित होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क** : आज आपका दिन सामान्य रहेगा।व्यवसाय में गति लाने के लिए कुछ नई नीतियां बनाना जरूरी है। हालांकि वर्तमान नकारात्मक वातावरण की वजह से व्यापार मंद ही हैं। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी। धार्मिक विचारधारा सकारात्मक रहेगी। मनोबल बढेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**सिंह** : आज आप दिन में व्यस्त रह सकते हैं। घर में कोई यात्रा संबंधी मांगलिक कार्य संपन्न होने जैसी योजनाएं बनेंगी। तथा खुशी भरा वातावरण व्याप्त रहेगा। घर के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे। बड़े बुजुर्गों का भी स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**कन्या** : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा।व्यवसायिक गतिविधियां पूर्ववत ही रहेंगी। अपने स्वभाव को नियंत्रित रखना आवश्यक है। जल्दबाजी न करें बनते काम बिगड़ भी सकते हैं। ऐसी ही सावधानी नौकरीपेशा लोगों को अपने ऑफिस में भी चाहिए। आध्यात्मिक विचार बनेंगे व सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**तुला** :आज आपका दिन मन खुश करने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही किसी विशेष कार्य के प्रति आपकी लगन व मेहनत के अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने वाले हैं। अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें। घर में किसी धार्मिक कार्य के आयोजन संबंधी योजना भी बनेगी। युवा वर्ग कोई उपलब्धि मिलने से गर्व महसूस करेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पब्लिक डीलिंग तथा मीडिया से संबंधित कार्यों में आज विशेष ध्यान दें। क्योंकि इनसे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी ऑफिस का माहौल पॉजिटिव रहेगा। तथा सहयोगियों के साथ संबंध बेहतर बनेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**धनु** : आज आपकी सकारात्मक विचारधारा दिन को बेहतर बनाएगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था व रुझान बढ़ेगा। जिससे आपके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। आज दिन का अधिकतर समय किसी विशेष कार्य संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**मकर** : आप भाग्य आपके साथ है। कार्यक्षेत्र में आंतरिक रखरखाव तथा नवीनीकरण जैसी योजना बनेगी। इस परिवर्तन में वास्तु सम्मत नियमों का अवश्य उपयोग करें, इससे सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर हल्का मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कुंभ** : आज आपका दिन बढिया रहेगा। कार्यक्षेत्र में भावुकता की बजाय प्रैक्टिकल तरीके से सबके साथ व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सहयोगियों तथा कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के कारण खुशनुमा माहौल बनेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मीन** : आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी परिस्थिति में ऊर्जावान व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर रखेगा। अगर पुश्तैनी प्रॉपर्टी संबंधी कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसे हल करने के लिए आज का दिन बहुत ही उचित है। धार्मिक विचार उत्पन्न होंगे। बच्चों का साथ माहौल खुश बनाएगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# विपक्ष के आकुल लपोरीलालों की ना-लायकी

//पंकज शर्मा//

**विपक्षी दलों को एकमंचीय करने और उन्हें एकाकार बनाए रखने की प्रक्रिया अगर सोनिया की सीधी रहनुमाई में चली होती तो इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों की संख्या 28 से कहीं ज़्यादा होती। मैं अपनी प्रामाणिक निजी जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि ठोस सियासी जनाधार रखने वाले कई राजनीतिक दल अभी भी ऐसे हैं, जो न इधर हैं, न उधर और जिन्हें मलाल है कि इंडिया-समूह की तरफ़ से उन से क़ायदे के किसी व्यक्ति ने संपर्क ही नहीं किया। नरेंद्र भाई मोदी हम पर राज करने के कितने लायक हैं, कितने नहीं, इस पर तो बात तब करें, जब विपक्ष अपनी ना-लायकी से बाज़ आए। वे सब, जो नरेंद्र भाई के एकलखुरेपन से निज़ात चाहते हैं, आख़िर किस प्रतिस्थापन के भरोसे अपनी हड्डियों का दान करें। 28 राजनीतिक दलों के उस इंडिया-समूह के सहारे, जिस में खुद ही सब एक-दूसरे का सहारा नहीं बन पा रहे हैं। जो दमड़ी के चक्कर में अपनी चमड़ी गंवाने को अक्लमंदी समझ रहा है। जिस के अश्वमेधी रथ के तमाम दिग्गज अपने को एक-दूसरे से बड़ा लपोरीलाल साबित करने में लगे हुए हैं।**

दिग्गज, दिग-गज होते हैं। हमारे पुराण कहते हैं कि दिग-गज वे आठ हाथी हैं, जो आठों दिशाओं में पृथ्वी की रक्षा के लिए स्थापित किए गए हैं। पूर्व में ऐरावत, पश्चिम में अंजन, उत्तर में सार्वभौम और दक्षिण में वामन। इन के अलावा पूर्वदक्षिण कोने में पुंडरीक, दक्षिणपश्चिम में कुमुद, पश्चिमउत्तर कोने में पुष्पदंत और उत्तरपूर्व कोने में सुप्रतीक। इंडिया-समूह के दिग्गजों ङ्क नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार और मल्लिकार्जुन खड़गे ङ्क में से मुझे तो ज़्यादातर ऐसे लगते हैं, जो विपक्षी-पृथ्वी की रक्षा में कम, अपनी-अपनी दिशाओं का द्वारपाल बने रहने के लिए ज़्यादा आतुर दिखाई दे रहे हैं।

तो ऐसे में सिंहासन को हर हाल में, हर हथकंडा अपना कर, अपने क़ब्ज़े में बनाए रखने को व्याकुल नरेंद्र भाई के प्रतिकार के लिए, हम पिद्दी-पिद्दी आकांक्षाओं को मुट्ठीबंद करने के लिए उतने ही आकुल चेहरों पर, अपना सर्वस्व कैसे उंडेल दें। खुद की साख़ पर खुद ही बट्टा लगाने में लगे इंडिया-समूह के कुछ सूत्रधारों की सियासी कामवासना का ओछापन देख-देख कर मैं तो पिछले कुछ दिनों से अवसन्नता के सागर में डूब-उतरा रहा हूं। मुझे चिंता इन चिरकुटी-चेहरों की नहीं, इस बात की है कि अगर सकल-विपक्ष के एकमंचीय होने का यह मौजूदा प्रयास नाकाम रहा तो भारवासियों का विश्वास आने वाले दस-बीस बरस के लिए समूचे विपक्ष से उठ जाएगा।

समूचे यानी समूचे। अगर अखिल भारतीय उपस्थिति वाले किसी विपक्षी राजनीतिक दल को यह ख़ामख़्याली हो कि लोग सिर्फ़ क्षेत्रीय दलों के ख़ामख़्वाह विराट हो गए बौने क्षत्रपों को इस पाप का भागी मानेंगे और इस से अंततः एक दिन आएगा कि उस की झोंपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे तो दिमाग़ के ये जाले साफ़ होने में देर नहीं लगेगी। लोग मानते हैं कि विपक्ष की जाज़म पर जिस की जितनी हिस्सेदारी है, उस की उतनी ही ज़िम्मेदारी भी है। भारतीय समाज में छोटों की तो बड़ी ख़ताएं भी माफ़ हो जाया करती हैं, मगर बड़ों की छोटा-सा कुसूर भी उन के लिए बरसों का नासूर बन जाता है। सो, ऐसा कभी नहीं होने वाला है कि विपक्षी मंडलेश्वरों से निराश लोग इसलिए किसी महामंडलेश्वर की शरण में चले जाएंगे कि उस के सिर पर ज़रा बड़ा और दैशिक छत्र तना हुआ है। विश्वास के संकट का सैलाब आएगा तो सब-कुछ अपने साथ बहा ले जाएगा।

इवीएम के बटन नरेंद्र भाई मोदी की उंगलियों के इशारे पर नाचते हैं या नहीं, मुझे नहीं मालूम। अगर नाचते हैं, इसलिए वे दस साल से हमारे कंधों पर सवार हैं तो उन की इस बैताली को सलाम कीजिए। अगर नहीं नाचते हैं, फिर भी वे दस बरस से लगातार चुनावी समर्थन की सीढ़ियां दौड़-दौड़ कर चढ़ रहे हैं तो उन के परिश्रम और ऊर्जा का अभिनंदन कीजिए। दोनों ही स्थितियों में नरेंद्र भाई के गले से जयमाला निकालने के लिए क्या किसी के पास कोई जुगत है। उन की बैताली का तोड़ पहले तो आप लाएंगे कहां से और अगर ले भी आए तो आप की गुहार सुनने वाले कान कहीं हैं क्या। उन की मेहनत और जोश का पहले तो कोई जवाबी पोस्टकार्ड आप के पास है नहीं और अगर यह ख़त आप ने रच भी लिया तो उसे यार-ए-बाम तक ले जाने वाले कबूतर कहीं हैं क्या। दस-बीस साल से अपनी सियासी टोलियों में जिन्होंने लिपिक भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियां की हैं, वे रातोंरात पैदल सैनिकों को कैसे जन्म दे देंगे।

इसलिए नीतीश कुमार अगर बीच-बीच में अपना मटमैलापन नहीं भी दिखाते, ममता बनर्जी कोप भवन के भीतर-बाहर नहीं भी हो रही होतीं, अरविंद केजरीवाल फूफागिरी नहीं भी कर रहे होते और अखिलेश यादव के क़दम ग़ाहे-ब-ग़ाहे नहीं भी लड़खड़ा रहे होते तो भी क्या इंडिया-समूह 2024 की गर्मियों में रायसीना पर्वत पर अपना ध्वज वंदन कर लेता। शायद नहीं कर पाता। मगर अगर यह बेसुरा कमरमटक्का नहीं हो रहा होता तो हर जगह साझा प्रत्याशी खड़े करने के बावजूद लोकसभा चुनाव में उसे जो भी डेढ़-दो सौ सीटें मिलतीं, कम-से-कम इज़्ज़त से तो मिलतीं। इन दिनों चल रहे प्रहसन के बाद तो केंद्र में विपक्ष की सरकार भी बन जाए तो वह अगर-मगर-किंतु-परंतु के चीथड़ों में ही लिपटी दिखाई देगी।

मैं अब भी यह तो नहीं कहूंगा कि कांग्रेस एक बड़ा मौक़ा पूरी तरह चूक गई है। लेकिन यह ज़रूर है कि वह एक अहम अवसर खो रही है। मुट्ठी से फिसल रही रेत को थामने की संजीदा कोशिश अगर वह आज से भी आरंभ कर दे तो इंडिया-समूह बदशक्ल होने से बच सकता है। मुझे नहीं पता कि कांग्रेस ने इंडिया-समूह के अंतर्विरोधों के तानेबानों को सुलझाने में शुरू से इतनी उदासीनता क्यों बरती। क्या जानबूझ कर। क्या नादानी में। क्या अति-आत्मविश्वास के चलते। क्या लिपिकों की मूढ़ सलाहों के चलते। क्या आगत के आसार बेहद धुंधले देख कर। क्या यह सोच कर कि ऐसे-ऐसे मेंढकों को तोलने वाली तराजू वह लाए कहां से जो भी हो। हालांकि यह काम छह महीने पहले से ही होना चाहिए था, मगर मैं आश्वस्त हूं कि आज भी अगर इंडिया-समूह की एकीकरण-डोरियां सोनिया गांधी के पल्लू में बांध दी जाएं तो पूरा दृश्य ही बदल जाएगा। कोई नीतीश, कोई ममता, कोई केजरीवाल, कोई अखिलेश, सोनिया के नेकनीयत और पारदर्शक उपक्रम के तंतु तोड़ने का पाप करने से पहले कई-कई बार सोचेगा। विपक्षी दलों को एकमंचीय करने और उन्हें एकाकार बनाए रखने की प्रक्रिया अगर सोनिया की सीधी रहनुमाई में चली होती तो इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों की संख्या 28 से कहीं ज़्यादा होती। मैं अपनी प्रामाणिक निजी जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि ठोस सियासी जनाधार रखने वाले कई राजनीतिक दल अभी भी ऐसे हैं, जो न इधर हैं, न उधर और जिन्हें मलाल है कि इंडिया-समूह की तरफ़ से उन से क़ायदे के किसी व्यक्ति ने संपर्क ही नहीं किया।

सो, कोई माने तो ठीक, न माने तो ठीक, सच्चाई यही है कि नरेंद्र भाई को सच्चे मन से टक्कर देने का थोड़ा भी जज़्बा अगर विपक्ष में बन जाए तो, जीत-हार छोड़िए, भारतीय जनता पार्टी की चूलें तो बुरी तरह हिल जाएं। राजनीति भले ही गणित हो, लेकिन वह दौड़ती तभी है, जब सोच-समझ वाले इतना समझ लें कि दो और दो का अर्थ हमेशा चार नहीं होता है। कुछ क़दम बिना हिसाब-क़िताब लगाए भी जब कोई चलने को तैयार होता है, मंज़िलें तभी क़रीब आती हैं।

# सुशासन, रामराज्य और राम मंदिर

//नितेश कुमार मिश्रा//

**आज के इस लेख की शुरुआत हम सबसे पहले जय श्री राम के नारे के साथ करते हैं। जय श्री राम यह महज एक नारा नहीं अपितु पूरे देश के साथ-साथ संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांधने का एक माध्यम है। पिछले दिनों अरब के शेख को भी मोरारी बापू के राम-कथा के मंच पर अपने अभिभाषण की शुरुआत जय श्री राम के नारे के साथ करते हुए देखा गया। अरब, जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल क्षेत्र है और वहाँ के शेख द्वारा जय श्री राम कहना यह साबित करता है कि यह नारा न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी बड़े उत्साह के साथ अपनाया जा रहा है।**

अगर हम इस जय श्री राम के नारे की बात करें तो इतिहास में इसका सबसे ज़्यादा चलन श्रीराम द्वारा लंका विजय के दौरान वानर सेना द्वारा श्रीराम सेतु के निर्माण के समय में किया गया। श्रीराम की सेना समुद्र पर सेतु के निर्माण के लिए श्रीराम का नाम पत्थरों पर लिखकर डाला करते थे जिसके प्रभाव से समुद्र में पत्थर तैरने लगते थे और सेतु का निर्माण आसानी से होता चला गया और तभी से इस नारे का महत्व ज़्यादा चलन में आया और एक बड़े जन-समूह द्वारा अपनाया गया। लंका विजय के पश्चात श्रीराम अयोध्या लौटे और वहाँ के राजा बने। अपने शासन काल में उन्होंने जो जनता के लिए कार्य किये वो भी समाज का आदर्श उदाहरण सिद्ध हुआ जिसे रामराज्य कहा गया। और इसी रामराज्य की परिकल्पना को अपनाने की बात 1947 में अंग्रेजों से देश को आज़ादी मिलने के बाद उस समय के महान नेताओं और राजनीतिज्ञों द्वारा की गयी विशेष कर गाँधीजी द्वारा।

आज़ादी के बाद हमारे देश में शासन की लोकतंत्रात्मक व्यवस्था को अपनाया गया। वास्तव में, लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था इसी रामराज्य का ही एक परिमार्जित रूप है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के प्रतीक के तौर पर किया जाता है। जब देश में सुशासन शब्द का प्रयोग किया गया तो इसके अर्थ को जन-साधारण तक सरल भाषा में समझाने के लिए भी इसी रामराज्य शब्द को ही प्रचलित किया गया। सुशासन को और अधिक अच्छे से समझने के लिए हम कह सकते हैं कि शासन का अच्छे तरीके से क्रियान्वयन करना ही सुशासन है जिसमें विधि का शासन,समानता, जन-भागीदारी, बहुमत, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, निष्पक्ष आकलन जैसे विशेषताओं का समावेश होता है और यदि हम श्रीराम के शासन के काल को पढ़ेंगे तो पाएंगे कि ये सारी विशेषताएँ उनके शासन काल में विद्यमान थी। अर्थात सरल भाषा में सुशासन का अर्थ रामराज्य है और रामराज्य का अर्थ सुशासन। अतः सुशासन और रामराज्य एक-दूसरे के पर्याय हैं। इस रामराज्य की जानकारी हमें रामायण और रामचरितमानस जैसे ग्रंथों से हुई। ये रामायण और रामचरितमानस सिर्फ ग्रंथ नहीं हैं बल्कि ये समाज के संविधान हैं। और इसके विशेषताओं और विचारों को समझने के लिए, साथ ही, एक बड़े जन-समूह पर शासन को कैसे क्रियान्वित किया जाए, इसकी जानकारी फैलाने के उद्देश्य से रामलीला का मंचन प्राचीन काल से किया जाता रहा है और वर्तमान समय में भी नवरात्रि आदि पर्व के विशेष अवसर पर हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में रामलीला का मंचन प्रायः किया जाता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या है और जब भारत पर मुगलों का शासन था तो उस स्थान पर एक मस्जिद का निर्माण कर दिया गया और धीरे-धीरे अयोध्या श्रीराम की जन्मस्थली से कम और बाबरी मस्जिद के कारण ज़्यादा लोकप्रिय होने लगी। परंतु वर्ष 1992 में श्रीराम के भक्तों ने उस तथाकथित बाबरी मस्जिद का विध्वंस कर दिया। मामला तूल पकड़ता हुआ नजर आया तो इसे न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और प्रभु की कृपा और श्रीराम भक्तों के त्याग, समर्पण और प्रयास से न्यायालय द्वारा सघन जाँच और अनेक तथ्यों और सबूतों के आधार पर यह स्पष्ट किया गया कि विवादित स्थल प्रभु श्रीराम की ही जन्मभूमि है। न्यायलय के इस निर्णय के बाद अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने का कार्य युद्ध-स्तर पर चालू हुआ जिससे रोजगार के कई अवसर सृजित हुए। अब 22 जनवरी 2024 को श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। जब लोग यहाँ आयेंगे तो इस क्षेत्र का विकास भी अधिक होगा और रोजगार के अवसर भी दिन-प्रतिदिन बढ़ेंगे। पर्यटन से यहाँ एक अच्छी कमाई की जा सकेगी जिससे देश के विकास में भी योगदान संभव हो पायेगा। यहाँ आकर लोग श्रीराम के जीवन, व्यवहार, आदर्श आदि का ज्ञान प्राप्त कर पायेंगे। जानकारों की माने तो इस मंदिर परिसर में पूरे रामायण काल का वृतान्त दर्शाया गया है तो इसके माध्यम से शासन, प्रशासन और राजनीति के क्षेत्र में कार्यरत लोग अच्छी जानकारी एकत्रित कर देश को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। श्रीराम के मंदिर में जो 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त तय हुआ है इसका एक असर देश के विभिन्न भागों में गर्भवती महिलाओं में भी देखा जा रहा है। हम कुछ चुनींदा गर्भवती महिलाओं की बात कर रहे हैं जिनके प्रसव का दिनांक 22 जनवरी के आस-पास डॉक्टरों द्वारा बताया गया था, ये महिलायें डॉक्टरों से श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन ही अपने प्रसव कराने की विनती कर रही हैं भले ही इसके लिए इन्हें सिज़ेरियन ऑपरेशन ही क्यों न कराना पड़े। इस प्रकरण से स्पष्ट होता है कि आज के इस आधुनिक युग में भी जहाँ विज्ञान पुरातन और धार्मिक तथ्यों को हमेशा चुनौती देता है, इस आधुनिक काल की माताएँ भी श्रीराम के जैसा संतान पाने की इच्छा रखती हैं। इससे एक और बात उभर कर आती है कि ये माताएँ अपने बच्चों को श्रीराम के आदर्शों, विचारों, व्यवहारों और आचरण एवं कार्यकलाप को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेंगी और इन सब में इस मंदिर का अहम योगदान होगा। अतः श्रीराम के इस मंदिर से हम यह आशा रखते हैं कि यह मंदिर न सिर्फ भक्तों, पर्यटकों और रोजगार के लिए वरदान साबित होगा बल्कि यहाँ आकर लोगों का चरित्र निर्माण भी संभव हो पायेगा और एक सभ्य समाज की परिकल्पना पूरी हो सकेगी। तो इस लेख के अंत में आप सभी को जय श्री राम।

## लेफ्ट पार्टियां सिर्फ समस्या बढ़ा रही हैं

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में पहले माना जा रहा था कि सबसे ज्यादा समस्या ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की वजह से होगी। ममता बनर्जी समस्या पैदा कर रही हैं लेकिन केजरीवाल सीट बंटवारे से लेकर परदे के पीछे से सीटों की एडजस्टमेंट या दोस्ताना लड़ाई के लिए भी तैयार हैं। उनके साथ कांग्रेस की बहुत अच्छी वार्ता चल रही है और चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में दोनों पार्टियों ने तालमेल कर भी लिया है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा समस्या वामपंथी पार्टियों की ओर से पैदा की जा रही हैं। केरल छोड़ कर कहीं भी लेफ्ट पार्टियों का आधार नहीं बचा है लेकिन उनको हर जगह सीट चाहिए। लेफ्ट को ऐसे राज्यों में भी सीट चाहिए, जहां अपने अच्छे दिनों में भी वह कोई सीट नहीं जीतती थी। हो सकता है कि यह दबाव की राजनीति हो लेकिन इससे विपक्षी गठबंधन में कंफ्यूजन बन रहा है।

लेफ्ट ने बंगाल में ममता के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है और केरल में वैसे भी सत्तारूढ़ गठबंधन यानी लेफ्ट मोर्चा और मुख्य विपक्षी यानी कांग्रेस मोर्चा में तालमेल ठीक नहीं होगा। सो, इन राज्यों में लेफ्ट गठबंधन से अलग है। बाकी राज्यों में उसके पास कोई राजनीतिक पूंजी नहीं है। फिर भी उसे हर जगह सीट चाहिए। सोचें, लेफ्ट पार्टियों ने हरियाणा में भी लोकसभा की सीट मांगी है। उन्हें राजस्थान में भी सीट चाहिए तो महाराष्ट्र में भी सीट चाहिए। लेफ्ट ने तेलंगाना में भी सीट मांगी है तो झारखंड में भी एक सीट की दावेदारी की है। बिहार में तो 10 सीटों की मांग करके लेफ्ट की पार्टियां कम से कम चार सीटों पर अड़ी हैं, जहां राजद और जदयू दो सीटें मुश्किल से निकाल पा रहे हैं। वैचारिक या सांगठनिक रूप से लेफ्ट किसी तरह का वैल्यू एडिशन विपक्षी गठबंधन में नहीं कर पा रहा है लेकिन सीट बंटवारे में उसकी वजह से बाधा आ रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



पटना के राजभवन में नई राज्य सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और जदयू नेता और बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देहरादून, उत्तराखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।



पटना के राजभवन में नई राज्य सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा।



सिलीगुड़ी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी।




भारतीय अभिनेता और रायसभा के पूर्व सदस्य राज बब्बर नई दिल्ली में राष्ट्रीय विश्वकर्मा सम्मेलन के दौरान संबोधित करते हुए।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 75वें गणतंत्र दिवस परेड के प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# जश्न मना रहे हो पूरा मंदिर बम से उड़ा देंगे, दीवारों पर चिपकाया पोस्टर, लोगों ने जमीन पर देखा तो रह गए दंग



**कानपुर, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

मेस्टन रोड स्थित राधा कृष्ण बीच वाला मंदिर में रविवार सुबह एक धमकी भरा पोस्टर चस्पा था। इसमें मंदिर के प्रबंधक ट्रस्टी और भाजपा नेता रोहित साहू को धमकी देने के साथ ही मंदिर को बम से उड़ा देने की बात कही गई है। धमकी भरे पोस्टर से इलाके में सनसनी फैल गई। पिछले दिनों अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां भी भव्य आयोजन किया गया था। पुलिस ने रोहित साहू की तहरीर पर अज्ञात में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सुबह मंदिर में श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हुआ तो लोगों ने देखा कि मंदिर के प्रबंधक रोहित साहू के नाम पर एक धमकी भरा पोस्टर चस्पा है। अराजक तत्व ने मंदिर में दो-तीन पोस्टर चस्पा किए थे, जबकि दो-तीन पोस्टर जमीन पर पड़े हुए थे। एसीपी अर्चना सिंह ने बताया कि शरारती तत्वों ने पोस्टर में लिखा है, 'रोहित साहू बेटा अब पानी सिर से ऊपर गुजर चुका है। तुम लोग मंदिर बनाकर दिल को दुखाकर जश्न मना रहे हो। आज तक इस मंदिर में कभी इतनी बड़ी पूजा अर्चना का कार्यक्रम नहीं हुआ है। हम लोगों को जलाने के लिए पूजा आरती जो सब तुम कर रहे हो न भाजपा सरकार की वजह से बचे हुए थे, लेकिन अब हम लोग और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे मुसलमान भाइयों के दिलों को ठेस पहुंची है, इसका बदला हम जरूर लेंगे। तू अभी जानता नहीं है हम लोगों को बहुत पूजा और आरती करने का शौक है तेरा निकलना घर से दूभर कर देंगे। मेरे पास गोलियां और तमंचों की कमी नहीं है। तुझे क्या तेरे पूरे खानदान को मिटाकर रख देंगे।

पटाखे छुटा रहे हो खुशियां मना रहे हो, हम लोगों को जला रहे हो जोर-जोर से स्पीकर बजा रहे हो हमारे मस्जिदों में अजान हो रही है और तुम भजन बजा रहे हो। अब बर्दास्त नहीं करेंगे हम लोग तू बेटा बच के रहना तुझे तो नहीं छोड़ेंगे। बहुत बड़ा मंदिर का मंदिर का ट्रस्टी बना है न तेरा मंदिर रहेगा न तू रहेगा पूरा मंदिर बम से उड़ा दूंगा। सूचना मिलते ही डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। रोहित साहू की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, मंदिर के मुख्य द्वार को लेते हुए एक सीसी कैमरा लगा हुआ है। रात दस बजे के बाद उस ओर से मंदिर परिसर में किसी को भी प्रवेश करते नहीं देखा गया है। हालांकि, अभी अन्य स्थानों पर लगे सीसी कैमरों की भी रिकॉर्डिंग देखी जा रही है।

# लखनऊ से अयोध्या धाम के लिए दौड़ेगी इंटरसिटी गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से 31 जनवरी को शुरू होगी ट्रेन



**दरियाबाद, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेल विभाग ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी कर रहा है। दोहरीकरण का कार्य पूर्ण होने के साथ ही इस रेल मार्ग पर इंटरसिटी को हरी झंडी मिल गई है, जो लखनऊ से अयोध्या धाम तक का सफर तीन ठहराव के साथ कम समय में तय करेगी।31 जनवरी से लखनऊ-अयोध्या रेलवे लाइन पर इंटरसिटी ट्रेन चलेगी। इसकी समयसारिणी से लेकर ठहराव के स्टेशनों का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। लखनऊ से अयोध्या धाम स्टेशन की दूरी करीब सवा सौ किमी है। इस रेलवे लाइन का दोहरीकरण हो गया है। अयोध्या-लखनऊ रेलखंड के दोहरीकरण पर रफ्तार परीक्षण हो चुका है। अयोध्या के लिए रेलवे सबसे सरल, सस्ता और सुगम साधन है। अब इस रेलमार्ग पर लखनऊ से अयोध्या धाम तक इंटरसिटी ट्रेन की सौगात दी गई है। यह ट्रेन लखनऊ से अयोध्या धाम तक चलेगी। 31 जनवरी को गोमतीनगर से चलकर इंटरसिटी (04278) अयोध्या धाम स्टेशन पहुंचेगी। गोमतीनगर से सुबह पांच बजकर 10 मिनट पर चलेगी और अयोध्या धाम सात बजकर 45 मिनट पर पहुंचाएगी।वहीं, इंटरसिटी बाराबंकी जंक्शन पर 27 मिनट में ही यानि पांच बजकर 37 मिनट पर पहुंचेगी, जबकि अयोध्या धाम से एक फरवरी को यह लखनऊ के गोमतीनगर के लिए ट्रेन (04277) शाम को पांच बजकर 40 मिनट पर चलेगी और गोमतीनगर आठ बजकर 55 पर पहुंचेगी।

126 किमी की दूरी ढाई घंटे में पूरा करेगी। बताया जा रहा है कि गोमतीनगर से अयोध्या धाम का किराया 60 रुपये है, जबकि बाराबंकी तक 30 रुपये। लखनऊ के गोमतीनगर से अयोध्या धाम के लिए चलाई जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन के दरियाबाद में ठहराव की मांग शुरू हो गई है। दैनिक यात्री से लेकर व्यापारी तक इंटरसिटी का ठहराव दरियाबाद में करने की मांग कर रहे हैं।शिवकुमार, प्रदीप, बल्लू आदि लोगों के मुताबिक इंटरसिटी का ठहराव दरियाबाद में होना चाहिए। लखनऊ अयोध्या के मध्य में यह स्टेशन पड़ता है। इंटरसिटी के ठहराव होने से स्टेशन की आय बढ़ने के साथ ही यात्रियों को भी सुविधाएं होंगी।

## इलेक्ट्रिक बसों में मेट्रो की तर्ज पर NCMC कार्ड से यात्रा, खुले पैसों का झंझट भी होगा खत्म



**पानीपत, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

शहर में शुरू होने वाली नई ई-बसों में खास तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। मेट्रो की तर्ज पर विशेष कैटेगरी के लोगों के लिए पास की सुविधा मिलेगी। इससे खुले पैसों का झंझट भी खत्म होने वाला है। रोडवेज ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड बनाये जाएंगे। यात्रा के दौरान यह कार्ड दिखाना होगा।यदि किसी व्यक्ति के किराये में 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई है तो उसका 50 प्रतिशत किराया नकद व एनसीएमसी कार्ड के माध्यम से भी दे सकता है। इस कार्ड को रीचार्ज करवाने की सुविधा भी परिवहन विभाग द्वारा दी गई है। कुछ समय पहले हरियाणा रोडवेज विभाग में ई टिकटिंग प्रक्रिया शुरू हुई था। इस प्रक्रिया के तहत एनसीएमसी कार्ड बनाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। बहुत से यात्री ऐसे हैं जो हरियाणा रोडवेज में मुफ्त सफर करते हैं। ऐसे में बेटिकट यात्रा करने वालों पर रोक लग सकेगी। बनेगी अलग से फ्लाइंग टीम सिटी इलेक्ट्रिक बस सुविधा शुरू होने के बाद इन बसों में कोई बेटिकट यात्रा करता है तो इसके लिए भी स्पेशल फ्लाइंग टीम बनाई जाएगी, जो सिटी बसों की चेकिंग करेगी। इन बसों में चेकिंग का सिस्टम, मुख्य स्टेशनों पर ही होगी।एनसीएमसी पास सुविधा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, चार कलाकार जिन्हें नेशनल आवार्ड मिला हो, पूर्व सैनिक, वीरता पुरस्कार विजेता (सैनिक, नोसेना व आर्मी) आदि कैटेगरी को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

## दिसंबर-जनवरी में स्ट्रोक के आधे से ज्यादा मरीज कम उम्र वाले रक्तचाप नियंत्रण से 4.6 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है




**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, भारत में हर 4 में से 1 वयस्क हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित है। दुनिया में 100 करोड़ से भी अधिक लोग इस बीमारी से पीड़ित है। द लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हाइपरटेंशन के 75 फीसदी मरीजों में रक्तचाप अनियंत्रित है। इस कारण वयस्कों में दिल के रोगों और मौतों की संख्या अधिक है। वहीं, एक चौथाई से भी कम रोगियों में यह बीमारी नियंत्रण में है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत की उच्च रक्तचाप से ग्रस्त आधी आबादी अपने रक्तचाप को नियंत्रित कर ले तो 2040 तक भारत में कम से कम 4.6 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है। इसका अनुमान है कि देश की 31 प्रतिशत आबादी या 188.3 मिलियन लोग वर्तमान में इस स्थिति के साथ जी रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। रक्तचाप किस कदर दिल की बीमारी का प्रमुख कारण बनता जा रहा है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है। हाल ही में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ मेट्रिक्स ने हाल में एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा था कि भारत में दिल की बीमारियों के कारण मृत्युदर 272 प्रति लाख है जबकि वैश्विक औसत 235 का है।

## संजय राउत के भाई को ईडी ने किया तलब 30 जनवरी को पेश होने के लिए कहा



**मुंबई 29 जनवरी।** ईडी ने कोरोना महामारी के दौरान हुए खिचड़ी घोटाला मामले में शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत के भाई संदीप राउत को 30 जनवरी को अपने कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले 18 जनवरी को इस मामले में इसी गुट के नेता सूरज चव्हाण को ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। चव्हाण पर आरोप है कि वह कोराना महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों को खिचड़ी के वितरण से जुड़ी एक करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं में शामिल थे। पिछले साल जून में ईडी ने सूरज चव्हाण के आवास सहित मुंबई स्थित उनके 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इन स्थानों से घोटाले से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

## रणबीर कपूर बेस्ट एक्टर, आलिया भट्ट बेस्ट एक्ट्रेस, 12 वीं फेल बेस्ट फिल्म



**नई दिल्ली।** फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कारों में से एक फिल्मफेयर अवॉर्ड इस बार गुजरात के गांधी नगर में रविवार को सम्पन्न हुए। एनिमल के लिए रणबीर कपूर बेस्ट एक्टर बने तो आलिया भट्ट रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस रहीं। 12th फेल ने यहां भी अपना जलवा दिखाया और बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं, विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म के लिए बेस्ट निर्देशक का अवॉर्ड दिया गया। एनिमल ने बेस्ट म्यूजिक एलबम और बेस्ट सिंगर के पुरस्कार भी अपने नाम किये। फिल्मफेयर अवॉर्ड् समारोह इस बार दो दिन चला।

# जज्बे को सलाम! हवा में लहराई बाइक और फिर दिखाया टशन, सात समंदर पार से आकर इस बच्चे ने खतरनाक स्टंट से मचाया धमाल

**नईदिल्ली, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

13 साल की उम्र में बच्चों को शैतानी, पढ़ाई-लिखाई या खेलकूद करते हुए देखा जाता है। इस उम्र में बच्चों को साइकिल देने में भी मां-बाप एक पल को हिचकिचाते हुए नजर आते हैं तो वहीं, कुछ ऐसे लोग भी है जो अपने बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें पूरा सपोर्ट करते है।ये बदलती सोच का एक सीधा-साधा उदाहरण भी है। जहां पहले पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराबज् की सोच को ज्यादातर भारतीय परिवारों ने बहुत संजीदगी से लिया। तो वहीं, अब इस कहावत को पूरी तरह से गलत साबित करने का एक भी मौका नौजवान नहीं छोड़ते हैं। ऐसा हाल ही में पुणे में खेले गए इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग में देखने को मिला, जिसमें बाइक रेसर्स के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। लीग के पहले राउंड में 13 साल के बच्चे ने बाइक रेसिंग में खतरनाक स्टंट कर पूरी दुनिया को अपना दीवाना बना दिया।इस बच्चे का नाम है




ब्रायन , जो थाईलैंड से भारत इस लीग में हिस्सा लेने अपने पिता के साथ पहुंचा। अपने बेटे को इस लीग में धमाल मचाता देख गर्व से पिता का सीना चौड़ा हो गया था और भला हो भी क्यों ना, ब्रायन ने जो कमाल दिखाया उसे देखकर बड़े-बड़े दिग्गजों के भी होश उड़ गए।पुणे के स्पोर्टकॉप्लेक्स में हाऊस फुल स्टेडियम में जब मैदान पर दर्शकों के सामने से ये नन्हा बच्चा अपनी बाइक लेकर गुजर रहा था तो फैंस उन्हें काफी सपोर्ट और उनका नाम लेकर उन्हें चीयर कर रहे थे। दर्शकों के मन में ब्रायन को लेकर डर भी था कि इतनी-सी उम्र में ऐसा स्टंट कर वह कहीं गिर ना जाए, लेकिन ब्रायन ने कमाल कर ये साबित कर दिया कि वह आने वाले कुछ सालों में मोटर बाइक रेसिंग के सुपरस्टार बन जाएंगे।

ब्रायन के पिता ने बाइक रेसिंग से एक दिन पूर्व ये बताया था कि उन्हें और ब्रायन को भारत का वीजा मिलने में काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद ब्रायन ने अपना हुनर हर किसी को दिखा ही दिया। ब्रायन से जब ये सवाल किया गया कि वह कितने सालों से बाइक रेसिंग के लिए प्रैक्टिस कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि अभी वह 13 साल के हैं, लेकिन 8 साल की उम्र से ही उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। अब 5 सालों की मेहनत के बाद वह इतने कॉन्फिडेंट हो गए हैं कि उनके लिए अब ट्रैक पर छलांग लगाकर बाइक चलाना बाएं हाथ का खेल हो गया है।ब्रायन ने बाइक रेसिंग में खतरनाक स्टंट दिखाकर अपना टैलेंट दिखाया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि वह अपने इस शौक के चक्कर में पढ़ाई पर कितना और कैसे फोकस कर पाते है तो उन्होंने जागरण न्यू मीडिया से बातचीत करते हुए सवाल का जवाब दिया। ब्रायन ने चेहरे पर मुस्कान लिए कोई रिएक्शन नहीं दिया।

उनके कहने का मतलब कहीं-न-कहीं ये था कि वह अपनी पढ़ाई से ज्यादा इस पर फोकस देते हैं, जो कि उनका पेशन हैं। ब्रायन ने ये कहा कि उन्हें स्कूल से छुट्टी लेनी पड़ती है ताकि वह ये लीग खेल सकें और अपने हुनर को पूरी दुनिया के साथ पेश कर सकें।पुणे में हुए पहले राउंड के बाद ब्रायन से जब उनके अनुभव को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे काफी ज्यादा अच्छा लग रहा है और मैंने अपना बेस्ट दिया। जिस तरह से लोग मुझे सपोर्ट कर रहे थे उसे देखकर मेरा हौसला भी बढ़ रहा था। मैं सभी दर्शकों का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।

## कठुआ में नेशनल कांफ्रेंस को झटका, जिले के पार्टी प्रधान समर्थकों समेत भाजपा में शामिल

**जम्मू, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

**प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच रविवार को कठुआ से नेशनल कांफ्रेंस के जिला प्रधान ग्रामीण रोमी खजूरिया जिला मंडल के पदाधिकारियों और समर्थकों समेत भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने रविवार दोपहर को त्रिकुटानगर स्थित पार्टी मुख्यालय में सभी का स्वागत किया। उनके साथ प्रदेश महासचिव डॉ. डीके मन्याल, विबोध गुप्ता, वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह राणा आदि कई वरिष्ठ मौजूद थे।**

रोमी खजूरिया का भाजपा में आना कठुआ में नेशनल कांफ्रेंस के लिए बड़ा झटका है। नेकां की टिकट पर कठुआ से विधानसभा चुनाव लड़ चुके रोमी खजूरिया पिछले 35 वर्षों से इस पार्टी के साथ जुड़े हुए थे।रैना ने कहा कि भाजपा में आने के बाद रोमी व उनके समर्थकों को खुल कर लोगों की बेहतरी के लिए काम करने का मौका मिलेगा। इससे भाजपा को और मजबूती मिलेगी।भाजपा अपने जन केंद्रित नीतियों के कारण जम्मू कश्मीर में लगातार मजबूत हो रही है। भाजपा मुख्यालय में नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री प्रेम सागर अजीज, जिला विकास परिषद के एनडी त्रिपाठी, विक्रम के साथ दर्शन सिंह, प्रभारी जंगबीर सिंह चीकू व मंडल प्रधान भुवनेशवर सिंह भी मौजूद थे।

रोमी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने का विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे जमीनी सतह पर पार्टी को कामयाब बनाने में अपना पूरा सहयोग देंगे। प्रदेश भाजपा इस समय नए कार्यकर्ताओं को साथ जोड़ चुनावी तैयारियों को तेजी देने का अभियान चला रही है। नए कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत करने के लिए जिलों में भी कार्यक्रम हो रहे हैं।

# 30 से 2 तक भारी बर्फबारी व वर्षा की आशंका कई जिलों में मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**शिमला, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 30 अक्टूबर से चार फरवरी तक दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेंगी। इस दौरान प्रदेश में लाहुल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला (शिमला शहर और आसपास के क्षेत्रों सहित) ऊंचे इलाकों में भारी बारिश व बर्फबारी की आशंका जताई गई है। इसके कारण बिजली, पानी, संचार और यातायात सेवाएं प्रभावित होने का अनुमान है। ऐसे में ऊंचे क्षेत्रों में संबंधित प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। भारी वर्षा बार बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया



गया है। मौसम विभाग के अनुसार 30 जनवरी से प्रदेश में इसका असर होगा। 29 जनवरी को प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। जबकि अन्य क्षेत्रों में एक दो स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई गई है। सभी लंबे अरसे से बर्फबारी व वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। बादलों और धूप के बीच ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आई है। सबसे अधिक गिरावट बिलासपुर में चार डिग्री, ऊना में 2.2 और सोलन में दो डिग्री की गिरावट आई है।

मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इस अवधि के दौरान निचली पहाड़ियों व मैदानी इलाकों में आंधी व बिजली गिरने और मध्य और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर तेज हवा चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

# नौशहरा सुरंग के दोनों भाग मिले, जम्मू से पुंछ का सफर 40 किमी होगा कम... यात्रा का समय भी घटा

**राजौरी, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

अखनूर को राजौरी और पुंछ से जोड़ने वाली 700 मीटर लंबी नौशेरा सुरंग के दोनों भाग मिल गए हैं। इससे जम्मू से पुंछ तक का सफर 40 किलोमीटर कम हो जाएगा। जुलाई से इस सुरंग से वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो जाएगी।200 किलोमीटर लंबा अखनूर-पुंछ हाईवे रणनीतिक और सुरक्षा दृष्टि से अहम है। यह सुरंग अखनूर, राजोरी और पुंछ जैसे महत्वपूर्ण सीमावर्ती जिलों का आपस में जोड़ती है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन की मौजूदगी में नौशहरा सुरंग के दोनों भागों का रविवार को सफलतापूर्वक कर मिलान कर शुभारंभ किया गया। बीआरओ ने तय समय से पहले इस कार्य को कर दिखाया। बीआरओ के इंजीनियरों के अनुसार राजौरी-पुंछ मार्ग पर तीन प्रमुख सुरंगों कंडी, सुंगल, नौशेरा का काम जारी है। एक भिंबर गली सुरंग का अभी शुरू होना है। दो



सुरंगों का मिलान हो चुका है। चौथी सुरंग का काम शुरू होना है। अखनूर से पुंछ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग 144ए का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। इस मार्ग पर अखनूर के पास कंडी सुरंग का काम तेजी से चल रहा है, जिसका ब्रेकथ्रू (मिलान) हो चुका है। इसके साथ ही चौकचोरा क्षेत्र में सुंगल सुरंग का काम चल रहा है। भिंबर गली सुरंग का काम अभी शुरू होना है। डीजी बीआरओ रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ जम्मू-पुंछ में दूरदराज क्षेत्रों को प्रमुख केंद्रों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहा है। 2026 तक इस परियोजना को पूरा कर लिया जाएगा।

यहां पहले एक ही सड़क सीमा तक पहुंचती थी, लेकिन अब कई सड़कें सीमा को जोड़ रही हैं। इससे सुरक्षा ढांचा मजबूत हो रहा है। बीआरओ और प्रोजेक्ट संपर्क का मकसद स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिले और क्षेत्र का विकास तेजी से हो। जम्मू से पुंछ का सफर करने में आठ से 10 घंटे लगते थे, लेकिन इस परियोजना के पूरा होने पर चार घंटों के आसपास वाहन जम्मू से पुंछ पहुंच जाएंगे। नौशहरा में नौशहरा सुरंग का काम पूरा होने पर 10 किलोमीटर सफर कम हो जाएगा। पहले इस सफर को तय करने में 20 मिनट से अधिक का समय लगता था, लेकिन अब चंद मिनटों में नौशहरा से राजल टाप तक का सफर पूरा हो जाएगा। अब सुरंग में भीतर का कार्य शुरू हो जाएगा।

# समाप्त हुई सर्दियों की छुट्टियां, आज से खुलेंगे सभी स्कूल... दिखेगी चहल-पहल



**जम्मू, 29 जनवरी [एजेंसी]।**

26 दिसंबर से जम्मू संभाग के समर जोन के स्कूलों में पड़ी छुट्टियां आखिरकार समाप्त हो ही गई। ठंड के प्रकोप को देखते हुए लगभग चार बार बढ़ाई गई छुट्टियों की अवधि वैसे तो 27 जनवरी को खत्म हो गई थी लेकिन उसके बाद रविवार की छुट्टी होने के चलते अब सोमवार को स्कूल खुल रहे हैं।जम्मू संभाग के समर जोन में 26 दिसंबर से चार जनवरी तक छुट्टियां डाली गई थी लेकिन ठंड को देखते हुए इन्हें पहले छह जनवरी और उसके बाद आठ जनवरी तक बढ़ा दिया गया था।इसके बाद भी जब ठंड कम नहीं हुई तो आठ जनवरी के बाद नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं के लिए स्कूल खोल लिए गए जबकि पहली से नौवीं तक स्कूलों में 17 जनवरी तक छुट्टियां दे दी गई। उधर 17 जनवरी तक भी जब ठंड का प्रकोप कम नहीं हुआ तो शिक्षा निदेशालय जम्मू ने 17 जनवरी से 27 जनवरी तक पहली से बारहवीं तक सभी स्कूलों में एक बार फिर छुट्टियों की घोषणा कर दी। हालांकि आठ जनवरी से स्कूलों में शिक्षकों का पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया था लेकिन बच्चे घरों में ही बैठे हुए थे। अब सोमवार को स्कूलों में एक बार फिर बच्चों की चहल पहल देखने को मिलेगी। सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल अब पूरी तरह से खुल जाएंगे।सोमवार को स्कूल में पहले दिन बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा देखने का भी मौका मिलेगा और उसके बाद स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। वहीं स्कूलों में बच्चों के पहुंचने के पहुंचने को लेकर शिक्षक भी खुश हैं। उनका कहना है कि बिना बच्चों के स्कूलों में बैठना उन्हें भी अच्छा नहीं लगता था। अब बच्चों के पहुंचने पर उन्हें खुशी हो रही है।

### सूडान के अबेई में बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 लोगों की मौत, 64 घायल

**जुबा (सूडान) 29 जनवरी।** सूडान के अबेई में बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 64 लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक संयुक्त राष्ट्र का शांतिदूत भी शामिल है। समाचार एजेंसी ने एक क्षेत्रीय अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। अबेई के सूचना मंत्री बुलिस कोच ने कहा कि शनिवार शाम को कुछ बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हालांकि, हमला किस उद्देश्य के लिए किया गया था अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने संदेह जताया कि यह हमला भूमि विवाद से जुड़ा हुआ हो सकता है। कोच ने कहा कि इस हिंसा में शामिल हमलावर नुएर जनजाति के थे और हथियारों से लैश थे। उन्होंने बताया कि ये भी हथियारबंद युवा पिछले साल अपने क्षेत्रों में बाढ़ के कारण वार्रप राज्य में चले गए थे।

# कनक नगर में नहीं बनी पुलिया, सामान पार कर रहे लोग

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत कनकनगर में निर्माण कार्य शुरू करने के लिए आई तीन लाख 60 हजार की शासकीय राशि का सरपंच सचिव ने मिलकर गबन कर लिया।

दरअसल कनकनगर के पंडोपारा में स्थित नाले में पुलिया निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों की मांग पर वर्ष 2022 में पंद्रहवें वित्त के तहत जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज ने अपने मद से नौ लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। पहले तो यह बता दें कि पंचायतों में होने वाले किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए नियमानुसार निर्माण राशि की कुल लागत का 40 प्रतिशत हिस्सा पहले ही पंचायत विभाग द्वारा संबंधित पंचायत के खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसी नियम के अनुसार कनकनगर में भी पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृत हुई नौ लाख की राशि का 40 प्रतिशत यानी तीन लाख 60 हजार पंचायत के खाते में भेजा गया था।

इसके बाद पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया था। भूमिपूजन तो हुआ पर निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। क्योंकि निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पंचायत को मिली राशि सरपंच सचिव ने मिलकर पहले ही डकार ली है। इस गहरे नाले के ऊपर से गुजरने के लिए ग्रामीणों ने बिजली का खंभा डालकर एक अस्थायी पुलिया बना लिया है। पंडोपारा व गोंड़पारा दोनों को जोड़ने वाले इस अस्थायी पुलिया के ऊपर से रोजाना दर्जनों स्कूली बच्चे व ग्रामीण गुजरते हैं। इस संबंध में पंडोपारा के पंच सोमारू पंडो ने बताया कि यहां पुलिया निर्माण शुरू करने पंचायत को राशि मिली थी जिसे सरपंच सचिव आपस में मिलकर बांट लिए अब मजबूरी में इसके ऊपर गांव में पड़े बिजली के खंभों को डालकर अस्थायी पुल बनाए हैं पर इस पुल को पार करना काफी जोखिम भरा साबित हो रहा है। इसके ऊपर से गुजर कर गांव में ही स्थित डीएवी स्कूल में पढ़ाई के लिए जाने वाले छोटे छोटे बच्चे आए दिन फिसलकर नाले में गिर जाते हैं। सोमारू ने बताया कि नाले में गिरने से कई बच्चों के तो हाथ पैर भी टूट चुके हैं साथ ही कई बार मवेशी भी गिरकर घायल हो जाते हैं। वर्षाकाल में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि उस समय नाला उफान पर होता है ऊपर से नाले के दोनों ओर की सड़क भी कच्ची हालत में पड़ी है।



बताया जा रहा है कि जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई कि सरपंच सचिव ने पुलिया निर्माण की राशि का गबन कर लिया है तब उन्होंने गांव में कई बार बैठक कर सरपंच सचिव से पुलिया निर्माण की राशि के संबंध में जानकारी मांगी पर हर बार सरपंच सचिव ने जल्द ही पुलिया निर्माण कार्य शुरू करेंगे कहकर मामले को टालते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब पंचायत के खाते में पुलिया निर्माण से संबंधित तीन लाख 60 हजार आ गए तो सरपंच ने सचिव से कहा कि उसे अपने ट्रैक्टर की किश्त जमा करनी है इसलिए उस राशि में से 60 हजार निकाल कर दे दो बाद में जब पुलिया निर्माण शुरू करेंगे तब हिसाब कर लेंगे। इसके बाद सचिव ने सरपंच से भी दो हाथ आगे जाते हुए पंचायत के खाते में मौजूद पूरे के पूरे तीन लाख 60 हजार अपने एक परिचित के खाते में 27 अक्टूबर 2022 को स्थानांतरित कर दिए। स्थानांतरित राशि में से 60 हजार तो सचिव ने सरपंच को दे दिए पर बाकी के तीन लाख अकेले ही हजम कर गया। कनकनगर पंचायत में सरपंच सचिव द्वारा पुलिया निर्माण से संबंधित तीन लाख 60 हजार के गबन का मामला जनपद पंचायत प्रतापपुर के तत्कालीन सीईओ मो. निजामुद्दीन की जानकारी में था। इस संबंध में ग्रामीणों ने उनके पास शिकायत भी की थी पर उन्होंने इस मामले में लीपापोती करने के अलावा और कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के लिए प्रतापपुर क्षेत्र के लोगों के बीच हमेशा चर्चाओं में रहे तत्कालीन सीईओ मो. निजामुद्दीन से उक्त मामले के अलावा भी ग्रामीणों ने अन्य कई पंचायतों में हुए सीसी रोड, शासकीय भवन, स्कूलों की मरम्मत, नाली निर्माण, शौचालय, डबरी, गोठान, नहानी घर, व स्वच्छ भारत मिशन जैसे कई कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कोरिया चिरमिरी।** केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीय गरिमा के बीच 75वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एन.के. सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज को फहरा कर इस राष्ट्रीय समारोह की शुरुआत की । ध्वजारोहण के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र एवं उपस्थित अभिभावकों ने समवेत स्वर में के साथ राष्ट्रगान का उद्घोष किया।

तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री सिन्हा ने उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा की हमे भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए और देश की प्रति सम्मान की ह्रदय से अनुभूति करनी चाहिए। आज के ही दिन देश का संविधान लागू हुआ था, परंतु इसकी सार्थकता तब होगी जब हम स्वयं उसे आत्मसात कर उसका पालन करें। इस अवसर पर स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों को याद किया एवं सभी को अपने दिलों में राष्ट्र प्रेम की ज्योति जलाए रखने का आग्रह किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण एवं भारतीय संस्कृति की झलक को प्रस्तुत करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक एवं उम्दा कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे कार्यक्रम को देश प्रेम के रंगों में भर दिया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाले छात्रों को प्राचार्य, समारोह की विशिष्ट अतिथि श्रमिति श्वेता सिन्हा समेत वरिष्ठ शिक्षिका शालिनी सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में मंच संचालन सुश्री दिव्या जैन एवं सुश्री रश्मि शिखा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षिक संतोष कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीसीए प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी, सुश्री बी नागवंशी समेत विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

# मीडिया कर्मियों ने कार्यक्रम आयोजित कर हालचाल जाना, जिम्मेदारी पर चर्चा

**कोरिया/बैकुंठपुर।** पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है और यह लोकतंत्र का चौथा आधार है। जिन्हे उस सम्मान की अभी भी आवश्यकता है जिसके वो अधिकारी है। ज्यादातर मामलों में भेदभाव का शिकार और नयायसंगतता से अछूता होना इस आधार भूत स्तंभ के लिए कोई नई बात नही है। लेकिन समाज के हर वर्ग को जो उचित कड़ी से जोड़ता है वह एक पत्रकार ही होता है आप सोचकर देखिए अगर समाचार ना हो सूचना न हो आदान प्रदान ना हो और उसका निर्माता न हो तो आपका जीवन महाशुन्य है। इसलिए पत्रकारिता और पत्रकार का सम्मान जरूरी है। उसे विशेषाधिकार जरूरी है। उसे कानूनी अधिकार जरूरी है। उसे संवैधानिक अधिकार जरूरी है अपने जान को जोखिम में डालने वाला इस जाबाज सिपाही की सुरक्षा जरूरी है।



इसी को मद्देनजर रखते हुए जिले भर के पत्रकार बंधुओ ने स्थानीय सर्किट हाउस में रविवार 28 जनवरी की शाम एक सौम्य मुलाकात करते हुए मनोज सिंह (चरचा निवासी) के जन्मदिन के अवसर पर सभी उपस्थित हुए और स्नेह पूर्वक जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सभी ने एक साथ हर्ष के साथ कार्यक्रम मनाया और जलपान ग्रहण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, कृष्ण विभूति तिवारी दुष्यंत कुमार,अनूप बड़ेरिया,अमित श्रीवास्तव, रवि सिंह, महेंद्र पांडे डब्बू,आशीष सोनी,अजीत पाटकर,जूही खातून, कमलेश एक्का,कमरून निशा, एस.के.रूप सहित कई पत्रकार साथीगण मौजूद रहे।

## अमेरिकन कंपनी में लीगल साइंटिस्ट बने सौरभ सिन्हा



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर के सौरभ सिन्हा अमेरिका की कंपनी में लीगल साइंटिस्ट के पद पर चयनित हुए हैं। पीजी कालेज अंबिकापुर के प्रोफेसर डा अनिल सिन्हा एवं व्यख्याता डा उमा सिन्हा के सुपुत्र सौरभ सिन्हा करियर में उन्नति प्राप्त करते हुए अमेरिका के के अंतरराष्ट्रीय संस्थान थॉमसन रियूटर्स में रिसर्च अटॉर्नी (यूएसए में लीगल साइंटिस्ट) के रूप में चयनित हो गए हैं। इनका मुख्यालय अब बेंगलुरु रहेगा। सिंबायोसिस अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय पुणे से 2019 में विधि में स्नातकोत्तर सौरभ सिन्हा, अंबिकापुर जिला न्यायालय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में वकालत करने के पश्चात विगत छह महीने से रायपुर स्थित व्हीके जैन ला फर्म में लीगल एसोसिएट के रूप में भी कार्यरत रहे। विधि कौशल एवं ज्ञान के परीक्षण के उपरांत अंतरराष्ट्रीय संस्थान थामसन और रियूटर्स में नियुक्ति प्राप्त हुई है। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से स्वजनों में उत्साह है।

## शासकीय रेवती रमण मिश्र कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने तक्षशिला ग्रंथालय का भ्रमण किया

**सूरजपुर।** कॉलेज प्राचार्य डॉ. एच.एन दुबे सर के निर्देश पर महाविद्यालय के इकोनॉमिक्स विभागीय परिषद से सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि पांडे मैडम एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सलीम किसपोट्टा सर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा स्थापित तक्षशिला ग्रंथालय के समस्त क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया एवं लाइब्रेरी रिलेटेड आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों एवं अन्य सुविधाओं (इंटरनेट वाई-फाई, ई लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, स्टडी रूम, मेंबरशिप पंजीयन आदि) के बारे में जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को उनके अध्ययन में लाइब्रेरी की भूमिका के बारे में अवगत कराते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पूरी लगन, मेहनत से सही दिशा में लगातार प्रयास हेतु लाइब्रेरी में अपने एग्जाम की तैयारी कर रहे अन्य विद्यार्थियों की तरह स्व अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

## पशु चिकित्सालय में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजपुर।** जिले में पशुकल्याण पखवाड़े का आयोजन 15 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जाना है इस उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमो के अलावा 30 जनवरी को जिले के सभी विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयो में जैसे सूरजपुर भैयाथान, प्रतापपुर रामानुजनगर एवं प्रेमनगर के पशु चिकित्सालय में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम आयोजन किया जारा है। जिसमें कुत्ते, बिल्ली में निशुल्क एंटी रेबीज का टीकाकरण किया जाएगा। जिसका समय 8 बजे से 12 बजे एवं शाम 4 से 5 बजे तक है।

## पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर। स्वास्थ्य केंद्र मे डॉक्टर और स्टाफ के संबंध में ली जानकारी। 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी का किया निरीक्षण। एनआरसी की बिल्डिंग मे पानी व्यवस्था, लाइट व्यवस्था और फॉल सीलिंग व स्ट्रक्चर की अन्य कमियों को चिन्हित कर आरईएस के अभियंता को आवश्यक सुधार के लिए किया निर्देशित। कलेक्टर ने एनआरसी भर्ती रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें डाटा प्रविष्टि को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्टर में भर्ती किए गए बच्चों के वजन का सही ब्यौरा डालने के लिए उपस्थित संबंधित को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी( डीपीओ) तथा सीएमएचओ को जिले में संचालित सभी से एनआरसी का नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं ओपीडी पर्ची काउंटर, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया।

# ओएचई तार की चोरी, अब तक कोई नतीजे नहीं

**बिश्रामपुर।** करीब छह दिन पूर्व क्षेत्र के कुमदा रेलवे साइडिंग के समीप रेलवे लाइन के दस खंभों में लगे ओएचइ कॉपर तार चोरी होने के मामले की जांच में जुटी आरपीएफ की टीम चोरी का सुराग नही लगा सकी है।

रेल पुलिस की निष्क्रियता से कबाड़ियों के हौसले बुलंद हैं। खदानों के बाद कबाड़ी अब रेल संपति को टारगेट कर रहे हैं। कुमदा साइडिंग के लिए रेलवे ट्रैक पर बिछाए गए ओवर हेड तार को गांगीकोट स्थित गाटर पुल के पास चोरों ने काटकर चुरा लिया। सूचना पर आरपीएफ टीम ने घटनास्थल व उसके आसपास के क्षेत्र में पहुंच आरोपियों की तलाश में जुटी है। ग्राम पंचायत गांगीकोट के कुमदा साइडिंग के लिए गुजरी रेल लाइन में गाटर पुल के पास करीब 10 रेलवे पोल में लगे ओएचई तार को चोरों ने 22 और 23 जनवरी की दरम्यानी रात को काटकर चुरा लिया था।

बेशकीमती ओएचई कॉपर तार चोरी के मामले की जानकारी मिलते ही आरपीएफ अंबिकापुर और मनेन्द्रगढ़ की संयुक्त टीम ग्राम पंचायत गांगीकोट पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। उसके बाद आसपास के क्षेत्र में दबिश देकर चोरों की पतासाजी के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक आरपीएफ के हाथ खाली हैं। बता दें कि बिश्रामपुर के अमेरा व आमगांव खदान के पिछले लंबे समय से बंद रहने के कारण बिश्रामपुर व कुमदा साइडिंग भी बंद पड़ी है। दोनों साइडिंग के पिछले छह वर्ष से भी अधिक समय से बंद होने से इस लाइन रेल मार्ग पर लगे बेशकीमती ओएचई तार पर बदमाशों की नजर है। बिश्रामपुर वार्फवॉल, जयनगर साइडिंग की पूरी ओवर हेड तार को चोर पहले ही काट चुके हैं। पीछे दिनों कुमदा साइडिंग में दस पोल से सैकड़ों मीटर तार काटकर कबाड़ियों ने पार कर दिया है। खदान क्षेत्रों में लोकल पुलिस की साठगांठ से कबाड़ व कोयला चोरों के हौसले बुलंद हैं और अब वे रेल पुलिस की निष्क्रियता का लाभ उठाने रेल लाइन पर लगे ओवर हेड तार को काट रहे है। साइडिंग से तार चोरी मामले में आरपीएफ ने अपराध दर्ज किया है या नहीं और अब जांच में क्या कुछ हासिल हुआ है, इसकी जानकारी के लिए आरपीएफ अंबिकापुर प्रभारी से संपर्क का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## सूने मकान से नकदी रकम पार

**रायपुर।** वार्ड क्रमांक 2 ग्राम कुंरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मालती धीवर 35 वर्ष ग्राम कुंरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और पेटी में रखे नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तालाब के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** नरईया तालाब के पास रोड किनारे खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश कुमार राजवाड़े 28 वर्ष 19 वी पोखरण वाहिनी छग. शास्त्र बल नगरनार जगदलपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईए 6036 को नरईया तालाब के पास रोड किनारे खड़ी किया था, जहां से अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

## खाली पैर पैदल ही अयोध्या के लिए निकले के रामभक्त

**अंबिकापुर।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जा रहे हैं। अभी भी रामभक्त पैदल ही अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं। नौ रामभक्तों का समूह ओडिशा से रविवार को पैदल ही अंबिकापुर पहुंचा। इनमें से किसी ने भी चप्पल अथवा जूता नहीं पहना हैं। श्री राम के बाल रूप की प्रतिमा के दर्शन और पूजन पश्चात ही उन्होंने चरण पादुका पहनने का निर्णय लिया है।

ओडिशा के गंजाम,बेहरामपुर निवासी जोगेश साहू,किटू पाणिग्रही,सीलु पंडा, संतोष परदेशी, टूकना परदेशी, आकाश, गोपाल साईं, मोहन राव, मोहन साव पांच दिन पहले पैदल ही अपने घर से निकले हैं।ओडिशा के संबलपुर, झारसुगड़ा से होते हुए छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में प्रवेश करने के बाद सभी पैदल ही अंबिकापुर पहुंचे। यहां भाजयुमो के संजीव वर्मा के साथ उनके साथियों ने रामभक्तों का स्वागत किया। ओडिशा के श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रवास के दौरान जनमानस का पूरा सहयोग और साथ उन्हें मिल रहा है। जहां भी वे शाम जो पहुंचते हैं वही रात्रि विश्राम कर लेते हैं। मंदिर अथवा सामुदायिक भवन में रात्रि विश्राम बाद वे



अगले पड़ाव के लिए निकल पड़ते है। इन्होंने अपने साथ एक साइकिल रखी है। उसी साइकिल में उन्होंने दैनिक उपयोग की सामग्री को रखकर पैदल चलते हैं। उन्होंने बताया कि श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले ही उन्होंने अयोध्या जाने का निर्णय लिया था। उस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण उन्होंने अयोध्या जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। अब वे निकले हैं। प्रतापपुर-वाड्रफनगर होते हुए पहले वाराणसी जाएंगे। वहां से पैदल ही अयोध्या पहुंचेंगे। श्री रामलला के दर्शन और पूजा-अर्चना की उनकी इच्छा है। इस इच्छा को पूर्ण करने उन्होंने एक प्रण भी किया है। जब तक श्री रामलला के दर्शन नहीं हो जाएंगे तब तक वे चरण पादुका धारण नहीं करेंगे। बता दें कि अंबिकापुर शहर से होकर सैकड़ों श्रद्धालु अभी तक अयोध्या के लिए रवाना हो चुके हैं।

## एसडीएम ने उचित मूल्य दुकानों के संचालकों की ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी लक्ष्मण तिवारी (आई.ए.एस.) सूरजपुर के द्वारा उचित मूल्य दुकानों में कमी पाए गए राशन सामग्री की वसूली के संबंध में दुकान संचालकों को बैठक लिया गया। बैठक में संबंधित दुकानदार को 31 जनवरी तक कमी पाये गये राशन की भरपाई करने के निर्देश दिए गये। भरपाई नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार भू राजस्व बकाया का प्रकरण में कुर्की कर वसूली के निर्देश दिया गया। साथ ही राशन कार्ड नवीनीकरण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिया गया।

## आयुष्मान कार्ड महाअभियान का किया जाएगा आयोजन

**सूरजपुर।** आयुष्मान कार्ड महाअभियान का आयोजन 29 से 30 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बचे हुए व्यक्ति अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। आयुष्मान कार्ड महाभियान समस्त ग्राम एवं वार्ड तथा समस्त शासकीय संस्थाओं में चलाए जाएंगे।

## पशु चिकित्सालय में नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजपुर।** जिले में पशुकल्याण पखवाड़े का आयोजन 15 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जाना है इस उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमो के अलावा 30 जनवरी को जिले के सभी विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयो में जैसे सूरजपुर भैयाथान, प्रतापपुर रामानुजनगर एवं प्रेमनगर के पशु चिकित्सालय में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम आयोजन किया जारा है। जिसमें कुत्ते, बिल्ली में निशुल्क एंटी रेबीज का टीकाकरण किया जाएगा। जिसका समय 8 बजे से 12बजे एवं शाम 4 से 5 बजे तक है।

## अलग-अलग क्षेत्रों में गांजा बेचते 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजा बेचते पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 12 किलो 100 ग्राम गांजा, ट्रक, स्कूटी व नकदी 20500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी राकेश निषाद 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 किलो गांजा जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आयुष पेट्रोल पंप के पास गिरौध में आरोपी पिंटू यादव 31 वर्ष सहित संजू उइके, सूरज वर्मा व राजेश सेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 6 किलो 100 ग्राम गांजा, ट्रक, स्कूटी व नकदी 20500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कलेक्ट्रेट ने शिविर के माध्यम से लोगों की समस्या का किया निराकरण

**सूरजपुर।** दूरस्थ अंचल क्षेत्र बिहरपुर में क्षेत्रवासियों के समस्या के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जनपद पंचायत ओड़गी, शिविर स्थल ग्राम पंचायत बिहारपुर के तहसील में आयोजित किया गया था।

जिसमें एक बड़ी संख्या में आसपास के लगभग 20 से 25 गांव के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में लगभग 48 विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में बैंक सखी, पीएम उज्जवला, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मछली पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के स्टॉल लगाये गए थे। इन स्टॉल मे अपनी समस्या के अनुरूप लोग पंजीयन काउंटर से रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने संबंधित स्लॉट में पहुंच रहे थे। जहां स्लॉट में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उनके समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गये। शिविर में विभागों के विभागाध्यक्ष द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां भी दी गई ताकि शिविर में आए हुए पात्र हितग्राही इसका लाभ उठा सके। शिविर में आए हुए लोगों को राशन कार्ड नवीनीकरण, पीएम विश्वकर्म योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास इत्यादि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। सरगुजा संभाग के संभागायुक्त श्री गोविन्दराम चुरेन्द्र भी सिविल स्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और स्लॉट में बैठे अधिकारियों से आए हुए आवेदन की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी ली। राजस्व विभाग के प्रकरणों में उन्होंने नक्शा हुआ खसरा नंबर के मिलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 में न्याय उचित कार्रवाई और फर्जी पट्टी के सत्यापन के लिए एसडीएम को निर्देशित भी किया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जागरूक बनने की सलाह दी ताकि वो अपने अधिकारों का संरक्षण कर सके। ग्रामीण व्यवस्था के सबसे बड़े न्यायालय ग्राम सभा और ग्राम पंचायत को सशक्त करने की बात कही। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित जनों को आज के सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि उनके आवेदनों का समाधान कारक निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वो क्षेत्र वासियों के आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में करें। अंत में उन्होंने शिविर में आए सभी सभी क्षेत्रवासियों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद कहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, एसडीम श्री सागर सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# फार्मासिस्ट पिटाई कांड : जांच रिपोर्ट पढ़ने का समय नहीं अफसर के पास

## कायाकल्प योजना की बैठक के बाद कोरकोमा में हुआ था तमाशा

**कोरबा।** जिले के सर्वाधिक चर्चित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरकोमा में डॉक्टर द्वारा फार्मासिस्ट से मारपीट के मामले में चौतरफा दबाव के बावजूद कोई खास नतीजे नहीं आ सके हैं। मामले में जांच कर ली गई है और रिपोर्ट भी दे दी गई है। अरसा बीतने पर भी विभाग ने न तो जवाबदेही तय की है और न ही कार्रवाई करने की मानसिकता बनाई है।

कायाकल्प योजना को लेकर बीते 11 दिसंबर 23 को कोरकोमा स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की बैठक रखी गई थी। जिसमें विचार मंथन हुआ। बैठक के अगले दिवस रविवार को साप्ताहिक अवकाश था। सोमवार 13 दिसंबर को प्रथम कार्य दिवस पर संबंधित कक्ष से कुर्सियां हटाने की बात को लेकर विवाद शुरु हुआ। डॉ. एम.एल.भारिया ने इस काम को करने के लिए फार्मासिस्ट सखाराम पैकरा को कहा तो उसने यह जिम्मेदारी दूसरे की होना बताकर हाथ खींच लिये। इसी को



लेकर पहले कहासुनी और फिर गाली-गलौज हो गई। आवेश में आकर डॉक्टर के द्वारा फार्मासिस्ट से मारपीट की गई, इस तरह की जानकारी पीड़ित ने स्वास्थ्य अधिकारी को दी। आनन-फानन में कोरबा से बीएमओ डॉ. दीपक राज को मौके लिए भेजा गया जिन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत की और बयान दर्ज किये। अस्पताल की महिला कर्मी ने भी इस बात की पुष्टि की कि कुर्सियां हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ और कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। इस घटनाक्रम के तूल पकड़ने पर स्वास्थ्य विभाग के जिलाधिकारी ने कहा था कि जांच रिपोर्ट आने के साथ ही दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। लगातार इस प्रकार की बयानबाजी जारी रही लेकिन कुछ हो नहीं सका। बाद में यह कहा गया कि इसी मामले में फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से जिला प्रशासन को शिकायत की गई है और उस पर भी जांच करने के लिए हमारे विभाग को कहा गया है। इसलिए दोनों मामलों में जांच के साथ आगे कार्रवाई तय की जाएगी। काफी समय बीतने पर भी जिस अंदाज में विभाग की ओर से ढील दी जा रही है उससे लगता है कि मामले को लटकाया जा रहा है। उधन सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केसरी से कार्रवाई के बाबत् पूछने पर बताया गया कि जांच रिपोर्ट आई है। उसे देखा नहीं है। जल्द ही इस दिशा में कुछ किया जाएगा।

### ब्लेड से हमला करने वाला पकड़ाया

**कोरबा।** मानिकपुर पुलिस ने 325, 294, 506 के मामले में आरोपी संजय सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। आनंदम अपार्टमेंट के सामने उसके द्वारा कन्हैया रात्रे पर ब्लेड से हमला किया गया था। घटना में उसका चेहरा बुरी तरह से विकृत हो गया जिसे 8 से अधिक टांके लगाने पड़े। घटनाक्रम के दौरान शोरगुल होने का फायदा लेकर आरोपी भाग गया था, तब से उसकी तलाश हो रही थी। खोजबीन में जुटी पुलिस ने एक स्थान से उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

### शुष्क डे पर शराब का होने लगा भंडारण

**कोरबा।** 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि होने के कारण पूरे देश में नशाबंदी रहती है। इस शुष्क दिवस के अवसर पर मदिरा प्रेमी आज सुबह से ही कल के लिए भंडारण शुरू कर दिया।

# गुरसिया परिसर में हाथियों ने जमाया डेरा

**कोरबा।** जिले के वनमंडल कटघोरा के एतमानगर रेंज अंतर्गत गुरसिया वन परिसर तथा केंदई के कापा नवापारा को हाथियों ने अपना बसेरा बनाते हुए डेरा डाल दिया है। यहां बड़ी संख्या में हाथी पिछले एक पखवाड़े से घूम रहे हैं लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। इसकी मुख्य वजह वन विभाग के अधिकारी हाथियों की विभाग की ओर से की जा रही निगरानी को मानते हैं। वन विभाग चौबीसों घंटे हाथियों की निगरानी कर रहा है। इसके लिए डीएफओ के निर्देशन में वन कर्मियों के साथ रेंजर एवं एडीओ की ड्यूटी लगाई गई है, जो हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में पहुंचकर निगरानी में लगे रहते हैं। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने पर तत्काल ग्रामीणों को सचेत कर देते हैं। ग्रामीणों को सचेत करने के साथ ही ड्यूटी में तैनात वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथियों को खदेड़ देते हैं। जानकारी के अनुसार गुरसिया परिसर में लगभग पांच दर्जन से अधिक हाथी घूम रहे हैं जबकि केंदई रेंज के कापा नवापारा में 7 हाथियों की मौजूदगी पिछले एक पखवाड़े से बनी हुई है। हाथी अधिकतर समय जंगल में ही रहते हैं। कभी-कभी हाथियों का मूवमेंट आबादी वाले क्षेत्रों में होता है। हाथियों द्वारा



कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाए जाने पर ग्रामीणों के साथ-साथ वन अमला राहत महसूस कर रहा है। इससे पहले हाथियों ने यहां उत्पात मचाकर ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की नाक में दम कर रखा था। ग्रामीणों ने वन विभाग को सदा यह भय बना रहता था कि कहीं हाथी गांव में न घुस जाए और बड़ा नुकसान पहुंचा दे। इस बीच कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के चचिया जंगल में एक सप्ताह से डेरा जमाए दंतैल हाथी ने बीती रात आगे का रूख कर लिया। इस दंतैल हाथी को आज सुबह कलमीटिकरा के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया।

### भाजपा संगठन मंत्री साय लेगें बैठक

**कोरबा।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल का आज कोरबा आगमन हो रहा है। उनके द्वारा पंचवटी में मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की ली जाएगी। इस बैठक में जिलाध्यक्ष डा. राजीव सिंह वैशलीरत्न पारखी, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन,सुनीता पाटले सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। जबकि कल बिलासपुर में संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानीय , सूर्यप्रकाश शर्मा, लक्ष्मी श्रीवास, नटवर शर्मा, लक्ष्मीकांत सहित सभी मंडलो के अध्यक्ष शामिल हुए थे। ट्रेन में लोगों को आयोध्या ले जाने के लिए चर्चा की गई।

# ननकीराम ने मुख्यमंत्री से की शराबबंदी की मांग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर शराबबंदी की मांग उठी है। पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने यह मांग रखी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टाटीबंध में आयोजित कंवर समाज के कार्यक्रम में ननकी राम कंवर ने कहा कि मैं एक ही निवेदन करूंगा मुख्यमंत्री से कि एक बार समाज के लिए समाज का गौरव होने के नाते समाज के हित के लिए आप नशाबंदी कर दीजिए।

मैं समाज से भी मांग करता हूं कि समाज अपनी ओर से नशाबंदी कर दे। सरकार शराबबंदी करे या न करे, अगर



हम बंद कर देते तो हमें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अगर नशाबंदी होगी तो व्यक्ति की आयु भी बढ़ जाएगी। आज 70 से 80 साल के व्यक्ति का मिलना बहुत मुश्किल है। नशे के कारण 10 बीमारियां और पागलपन लोगों में होता है। पिछले समय जब मैं गृहमंत्री था, तब हर गांव की महिलाओं ने बताया कि नशाबंदी करनी चाहिए। लेकिन मुझे शर्म से महिलाओं को कहना पड़ा कि सरकार नहीं मान रही है, तो मैं अकेले नशाबंदी नहीं कर पाऊंगा।

### बरतराई से अवैध रेत खनन, निगरानी पर सवाल

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के अंतर्गत परतराई में नाला से अवैध रेत खनन का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है। कटघोरा और आसपास के क्षेत्र से अवैध काम में लगे लोग यहां पर प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि 100 ट्रैक्टर से ज्यादा रेत की चोरी हर रोज हो रही है और इसके माध्यम से रेत चोर भारी-भरकम कमाई करने में सफल हो रहे हैं। जिले में सभी तरह के अवैध कार्यों पर रोक लगाने को लेकर जो दावे अफसरों की ओर से किये जा रहे हैं, उन पर इस तरह की घटनाओं से सवाल खड़े हो रहे हैं। खनिज विभाग खुद भी निगरानी करने के दावे कर रहा है। कुछ अवसर पर छुटपुट कार्रवाई जरूर की जा रही है लेकिन असली मसला कायम है कि जो धंधे कांग्रेस सरकार में बेखौफ चल रहे थे, उनमें किसी तरह का खास बदलाव नहीं आ सका है नई सरकार बनने के बाद भी।

# पिकनिक से लौट रहा कर्मचारी दोंदरो नाला में गिरा, शव बरामद

**कोरबा।** दोंदरो नाला में बाइक समेत गिरे निजी कंपनी के कर्मचारी की मौत हो गई। खोजबीन के कई घंटे बाद आज सुबह उसका शव मिला। बालकोनगर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कहा गया है कि मामला अपने आपमें स्पष्ट है इसमें और कोई एंगल नहीं है।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी के अंतर्गत काम कर रही सीमेंस निजी कंपनी में नियोजित 27 वर्षीय प्रताप खांडे जांजगीर-चांपा जिले के खुंटी गांव का निवासी था। वह पत्नी और एक बच्चे के साथ बालकोनगर में निवासरत था। कंपनी के कर्मियों ने रविवार को बेला जलाशय क्षेत्र में पिकनिक का कार्यक्रम बनाया था जिसमें वे सभी शामिल होने के लिए सुबह रवाना हुए थे। कई घंटे मौके पर बिताने के बाद यह समूह अपने-अपने साधन से बालको नगर लौट रहा था। शाम लगभग 4 बजे दोंदरो नाला पहुंचने पर प्रताप खांडे की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह काफी नीचे जा गिरा। आगे-पीछे चल रहे लोगों ने इस पर संज्ञान लिया। आनन-फानन में कई लोग नीचे उतरे और उसे उठाया। वापस उपर लाने तक



सबकुछ ठीकठाक रहा और हालात लगभग सामान्य हो गए। बताया गया कि यहां से जब सफर शुरू हुआ तो एक बार फिर पुराने हालात निर्मित हुए और प्रताप हादसे का शिकार हो गया। यह सब एक तरह से पहली वाले अंदाज में हुआ। घटना के बाद से उसकी खोज खबर का काम शुरू किया गया। शाम होने के कारण समस्याएं आई। पिकनिक में शामिल एक व्यक्ति ने बताया कि आज सुबह इस इलाके में जाने के दौरान प्रताप को मृत स्थिति में पाया गया। मौके से कुछ दूरी पर उसकी बाइक मिली है। स्थानीय पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया। उक्तानुसार कार्रवाई की गई। सूत्रों ने बताया कि बालको में काम करने वाली कंपनियों के अपने नियम और शर्त हैं जिसके अंतर्गत कार्य स्थल पर होने वाली घटनाओं के मामले में मृत कर्मियों के परिवार के प्रति संवेदनशीलता के साथ अगले कदम उठाए जाते हैं। हालांकि प्रताप खांडे के साथ कार्य स्थल के बजाय दूसरी जगह घटना हुई है ऐसे में यह कह पाना फिलहाल मुश्किल है कि उसके आश्रित को भविष्यकालीन सुविधा देने के बारे में कंपनी का रूख कितना सकारात्मक होता है।

### नशे के कारण हुई घटना

पिकनिक मनाने के बाद वापस आने के समय बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर नाला में गिरा। एक बार उठाने के बाद वह बाद में फिर से घटना का शिकार हुआ। सूचनाओं के अनुसार नशे के कारण ही यह सबकुछ हुआ। इसमें सस्पेक्टेड इशु जैसा कुछ नहीं है।

**-नितीन उपाध्याय, टीआई बालकोनगर**

# गड्ढे में गिरा सांड, जेसीबी से सुरक्षित निकाला

**कोरबा।** यहां-वहां विचरण करने के साथ लोगों की जान के लिए मुसीबत बन रहे सांड अब खुद संकट में है। कुसमुंडा क्षेत्र में एसईसीएल की जलापूर्ति लाइन के एक चेम्बर में सांड के गिरने की घटना के बाद आसपास के लोग हरकत में आए। लोगों की मदद और जेसीबी का सहारा लेने के साथ उसे सुरक्षित निकाल लिया गया

बताया गया कि कर्मचारियों की कालोनी में जलापूर्ति करने के लिए जो लाइन बिछाई गई है, उस पर आधारित एक काफी गहरा चेम्बर विकास नगर क्षेत्र में बनाया गया है। 10 फीट से ज्यादा



गहरे इस चेम्बर के आसपास सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया है। एक सांड इस इलाके में उपस्थिति दर्ज कराने के साथ गिर गया। स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने हालात सामान्य करने की कोशिश की। बाद में एक जेसीबी का सहारा लिया गया। लोगों ने उचित तकनीक के माध्यम से सांड के दो तरफ मोटी रस्सियां बांधी और उसे जेसीबी से फंसाया। काफी मशक्कत के बाद सांड को निकाला गया।



रासेयो के शिविर में यातायात जागरूकता संदेश देने पर कैडेटों एवं केएन कॉलेज के केरवाद्वारी स्कूल में आयोजित शिविर में यातायात एएसआई मनोज राठौर, प्रधान आरक्षक मेहमान कुर्रे व अन्य स्टाफ को सम्मानित किया गया।



साइबर सेल के द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में एएसपी अभिषेक वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर साइबर सेल के तेज तर्रार प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडेय, गुनाराम सिन्हा, आरक्षक रितेश शर्मा, प्रशांत सिंह समेत सभी जवान उपस्थित रहे।

# हरदीबाजार से लापता हुआ बालक मिला बिलासपुर में

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भिलाईबाजार रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकला 11वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया था। जिसके अपहरण किये जाने का मामला पुलिस ने दर्ज किया गया था लेकिन अपराध दर्ज होने के कुछ घंटों बाद उसका लोकेशन बिलासपुर में मिला। जिसे कोरबा के हरदीबाजार लाकर पुलिस ने उसके दादा बलौदाबाजार जिला जांजगीर निवासी को सौंप दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर जिले के बलौदा का निवासी 11 वर्षीय बालक हरदीबाजार थाना क्षेत्र के भिलाईबाजार निवासी अपने रिश्तेदार के यहां जाने के लिए आया था लेकिन भिलाईबाजार न पहुंचकर वह हरदीबाजार बस स्टैंड से ही लापता हो गया था। इस बात की जानकारी उसके रिश्तेदारों एवं गांव वालों को हुई जिसके बाद उसके दादा पुनऊराम ओगरे ने हरदीबाजार थाना पहुंचकर अपराध क्रमांक 34/24 धारा 363 भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बहला-फुसलाकर अपहृत किये जाने का जुर्म दर्ज कराया गया। खोजबीन के दौरान उक्त बालक बिलासपुर बस स्टैंड में मिल गया। जिसे हरदीबाजार पुलिस ने लाकर उसके पालक को सकुशल बयान दर्ज कर सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही उक्त मामले में पुलिस ने खात्मा डाल दिया।

### धर्म सेना ने रक्तदान शिविर लगाया

**कोरबा।** धर्म सेना के द्वारा दर्री मंडल में रक्त दान शिविर लगाया गया। इस शिविर में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि गरीब व्यक्तियों को रक्त के लिए परेशानी न हो इसके लिए जोर शोर से प्रयास किया जा रहा है। 12 जनवरी को भी कई स्थानों पर रक्त दान शिविर हुआ था। इस कार्य में जिलाध्यक्ष साकेत शर्मा, नरेश राजपूत, राधेश्याम सिंह, रौशन साहू, विष्णु पटेल, दीपक पटेल, आकाश शर्मा,धनश्याम राठौर, छबी साहू, सदानंद सिंह, राजा कुशवाहा के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के कार्य किए जाएगें।



गहनिया में आयोजित वन संचार कार्यक्रम में 300 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। स्कूली छात्र अर्पित वैष्णव ने स्वामी विवेकानंद के रूप में खुद को प्रस्तुत कर पुरस्कार जीता।

### भामसं प्रदेश महामंत्री पाण्डेय ने बैठक ली

**कोरबा।** भामसं के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद दिनेश पाण्डेय का कोरबा आगमन हुआ। उनके द्वारा इरेक्टेर हॉस्टल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए राजेश मिश्रा को अध्यक्ष नवरतन बरेठ को मंत्री प्रतीक पाण्डेय को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में लक्ष्मण चंद्रा ,अश्वनी मिश्रा, विरेन्द्र राठौर, रंजय सिंह, संदीप राठौर, शिव पाटले, भीम सिंह चौहान सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महापौर ने रॉयल क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



**कोरबा।** एसईसीएल ग्राउंड में रॉयल स्टार क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कल सुबह मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह तथा पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप उपस्थित रहे। खिलाड़ियों का अतिथियों ने गर्मजोशी के साथ उत्साहवर्धन किया।

### राजपूत समाज ने सुरेश सिंह को दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह की अध्यक्षता में प्रताप भवन में आयोजित बैठक में समाज की ओर से समाज के वरिष्ठ सदस्य स्व. सुरेश सिंह खरमोरा के हृदय गति रूक जाने से हुए निधन पर समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकसभा आयोति कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के संरक्षक आर.के.सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, सदस्य जितेंद्र सिंह लाला, मंटू सिंह, स्मित सिंह, डॉ.संदीप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, गिरिजेश सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह पत्रकार समेत काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ज्ञानोदय विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कोरबा।** ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल बांकी मोंगरा जंगल साईड में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा विधानसभा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर जे.पी. चन्द्रा अध्यक्ष ज्ञानोदय शिक्षण समिति द्वारा किया गया।



शिक्षण समिति के द्वारा विधायक को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती कमला बरेठ ,पार्षद वार्ड नंबर 66, श्रीमती प्रभावती चौहान, पार्षद वार्ड नंबर 67 एवं श्रीमती शैल देवी राठौर पार्षद वार्ड नंबर 65, डी.के. अग्रवाल विद्यालय के सचिव , विशेष अग्रवाल (विद्यालय सदस्य) , क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक बन्धुओं श्सूधारसाय चौहान पूर्व पार्षद , रूपनारायण चन्द्रा , प्रमोद, अग्रवाल, सी. एल.जयसवाल , वाई पी. सिंह , माखनलाल बरेठ , सुरेश यादव , श्रीमती ममता, अश्वनी साहू , मंतराम चन्द्रा ,राजकुमार यादव, छात्र-छात्राओं के पलकगण शामिल हुए। छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल प्रमोद अग्रवाल (सर्वमंगला हार्डवेयर संचालक) व मंतराम चन्द्रा (एल.आई.सी अभिकर्ता) के तरफ से प्रोवाइड किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिवाकर नाहक व पुष्पा कर्ष के द्वारा किया गया। छतराम चन्द्रा प्राचार्य द्वारा आभार व्यक्त किया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com